नई दिल्ली
सोमवार, 18 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 27, अंक : 253
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 22
न्यून. 07

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## सीएम यादव ने उज्जैन में रात बिताकर तोड़ दिया 'मिथक'




## मैं महाकाल का बेटा हूं इसलिए रुक सकता हूं

उज्जैन के बारे में प्रचलित अंधविश्वास है कि यहां पर जो भी आता है वह रात नहीं रुकता है, क्योंकि अगर वह रात रुकता है तो उसकी कुर्सी चली जाती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। सीएम बनने के बाद वे पहली बार शनिवार को उज्जैन पहुंचे थे। दरअसल, उज्जैन के बारे में एक मान्यता है कि यहां पर जो भी आता है तो वह रात ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इसलिए, गढ़ा गया यह मिथक

यादव ने कहा कि सिंधिया महाराज को अपनी राजधानी को ग्वालियर ले जाना था, इसलिए उन्होंने रणनीति बनाई ताकि कोई आक्रमण न हो। इसलिए, यह मिथक गढ़ा गया। यादव ने कहा कि महाकाल तो पूरे ब्रह्मांड के राजा हैं। अगर उन्हें नुकसान करना ही होगा तो कहीं भी कर सकते हैं।

तीनों राज्यों के नए मुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की

केंद्रीय नेताओं से मिलने दिल्ली पहुंचे तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री

# मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मंत्रिमंडल के गठन की कवायद तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा जैसे नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाया है। अब तीनों राज्यों नए मंत्रिमंडल का गठन होना है। जिसकी कवायद तेज हो गई है। तीनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री अपने सहयोगी उपमुख्यमंत्रियों के साथ दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करने पहुंचे हैं। चार महीने बाद होने जा लोकसभा चुनावों को देखते हुए इन राज्यों में मंत्रिमंडल में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को साधने की कोशिश होगी, वहीं नए चेहरों और पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाएगी।

### खास बातें

- तीनों राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों समेत संगठन के वरिष्ठ नेताओं को भी दिल्ली बुला लिया गया है
- मंत्रिमंडल में भी चौंकाने वाले नाम हो सकते है शामिल


जेपी नड्डा


अमित शाह


डॉ मोहन यादव


विष्णुदेव साय


भजन लाल शर्मा

### औपचारिक मुलाकात की पुरानी परंपरा

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद केंद्रीय नेताओं से औपचारिक मुलाकात की पुरानी परंपरा रही है। इसी कड़ी में तीनों राज्यों के नए मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत वरिष्ठ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुराने चेहरों को भी मिल सकती है जगह

मंत्रियों के चुनाव में उनकी राय को भी तरजीह मिल सकती है। उनके अनुसार केंद्रीय नेतृत्व तीनों ही राज्यों में नए चेहरों की कमान के साथ ही मंत्रिमंडल भी नया देखना चाहता है। लेकिन कुछ पुराने चेहरों को समायोजित भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संभावित मंत्रियों की अटकलें लगाना उचित नहीं होगा। मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की तरह मंत्रियों में भी चौंकाने वाले नाम दिखने को मिल सकते हैं। दरअसल भाजपा मजबूत जनाधार वाले राज्यों में पुराने स्थापित नेताओं की जगह नए नेतृत्व को अवसर देने पर जोर दे रही है।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### छिंदवाड़ाः कुए में गिरने से बाघ की हुई मौत



**छिंदवाड़ा।** जिले के पांढुर्ना के ग्रामीण अंचल में पिछले लम्बे समय से आंतक मचा रहे बाघ की कुए में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बाघ महाराष्ट्र की सीमा में स्थित एक खेत के कुए में गिर गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार बढ़चिचोली निवासी किसान स्वर्गीय जब्बार शेख का खेत महाराष्ट्र की सीमा में स्थित ग्राम जूनापानी में स्थित है। खेत में स्थित कुए में बीते दिन एक बाघ गिर गया था। कुए में पानी अधिक होने की वजह से बाघ की मौत पानी में डूबने की वजह से हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद वनाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बाघ का शव कुए से बाहर निकलवाया।

#### अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को दिया जहर !

**नई दिल्ली/कराची।** मुंबई के ताज होटल में 26/11 को हुए आतंकी हमले का मोस्ट वांटेड आतंकी माड्यूल के सरगना दाऊद इब्राहिम को किसी अज्ञात शख्स द्वारा जहर दे दिया है। माफिया डान दाऊद इब्राहिम की हालत गंभीर बताई जा रही है। दाऊद इब्राहिम को जहर दिए जाने की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। हालांकि अभी तक इस पुष्टि पाकिस्तान की किसी मीडिया ने नहीं की है, ना ही इस खबर की कोई अधिकृत जानकारी सामने आ पाई है। सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है कि कड़ी सुरक्षा में दाऊद को कराची के किसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डी कंपनी प्रमुख इब्राहिम दशकों से भारत का भगौड़ा है। 1993 से मुंबई विस्फोटों को अंजाम देने में उसकी कथित संलिप्तता के कारण भारत ने उसे मोस्टवांटेड आतंकी घोषित किया है।

## नमो घाट पर काशी तमिल संगमम-2 के कार्यक्रम का पीएम ने किया शुभारंभ और बोले

# अगले पच्चीस साल में तो देश 'विकसित भारत' बनके रहेगा

ये यात्रा मेरी भी कसौटी है, मेरी भी परीक्षा है। मैं आपसे सुनना चाहता था कि काम हुआ है कि नहीं?



*पीएम ने कहा कि हम आज जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगा। देश विकसित भारत बन जाएगा। इस वट वृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलेगी। इसके लिए संकल्प लेना होगा, मन बनाना होगा। मन बन जाएगा तो मंजिल दूर नहीं।*

### पीएम ने रोड शो में एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए रोका अपना काफिला

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगमम-2 का उद्घाटन किया। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर 140 करोड़ देशवासी इस संकल्प से भर जाएं कि अब देश को आगे ले जाना है, हर एक की जिंदगी बदलनी है। तो अगले 25 साल में देश विकसित भारत बनके रहेगा। हम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### और, क्या बोले पीएम?

#### आज भारत के पास देने की ताकत आई

हिंदुस्तान का हर आदमी बोलने लगा कि मैं आजादी के लिए काम करता हूं। ये देखकर अंग्रेज भाग गए। आज हम सब ये सोच लें कि हमें देश को आगे ले जाना है। घर में पैसे कम होते हैं तो बच्चों की इच्छा ▶▶ शेष पेज 5 पर

**19,154** करोड़ से भी ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया



#### यह जिंदगी में बदलाव लाने का अभियान

एक सरकारी मुलाजिम जब यह सुनता है कि उसके कि काम से किसी को फायदा मिल गया तो उसे सुकून मिलता है। मुझे भी अच्छा लगता है जब लोग कहते हैं मुझे फायदा मिला। एक बहन कह रही थी, अमीर गरीब का भेद मिट गया। जब वो कहता है कि जब मैं पक्के घर में रहने गया तो आत्मविश्वास इतना बढ़ गया। उस लाभार्थी के मुंह से सुन लगता है जीवन धन्य हो गया कि चलो किसी की जिंदगी में बदलाव आ गया। मैं चाहता हूं कि हिंदुस्तान के हर आदमी को लगे कि यह ऑफिस मेरा है, यह रेल मेरी है, यह बैंक मेरा है, यह देश मेरा है।

### प्रयागराज से कन्याकुमारी के लिए मिली पहली ट्रेन

काशी तमिल समागम एक्सप्रेस (केटीएस) के रूप में इस ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया। संगम नगरी से अब दक्षिण का मिलन भी रेलवे कराएगा। तीर्थराज से पहली 24 दिसंबर से कन्याकुमारी के लिए यह सीधी ट्रेन चलेगी। इसका संचालन बनारस से वाया प्रयागराज-कन्याकुमारी तक होगा।



बच्ची ने कहा

#### बस, करेला पसंद नहीं सुनकर खूब हंसे मोदी

एक बच्ची ने पीएम मोदी को कविता सुनाई तो पीएम ने खूब तारीफ की। उसके बाद प्रधानमंत्री ने बच्ची से पूछा कि तुम सारी सब्जियां खाती हो तो बच्ची ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नागपुर की सौर कंपनी में बड़ा हादसा



# विस्फोटकों की पैकिंग करते धमाका, 9 की दर्दनाक मौत

कोयला खनन विस्फोट में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक कारखाने में बनाए जाते हैं

कंपनी के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे

महाराष्ट्र सरकार ने किया सहायता राशि का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नागपुर

यहां बाजारगांव के पास सौर उपकरण बनाने वाली कंपनी में रविवार सुबह 9 बजे विस्फोट हो गया। धमाके में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हुए। मरने वालों में 6 महिलाएं थी। धमाके के समय कंपनी के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे।

विस्फोट कंपनी के एक कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। कोयला खनन विस्फोट में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक कारखाने में बनाए जा रहे थे। इसी की पैकेजिंग चल रही थी, तभी धमाका हुआ है। धमाके के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। सौर उपकरण ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रु. की सहायता

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यह एक कंपनी है, जो रक्षा बलों के लिए ड्रोन और विस्फोटक बनाती है। नागपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक लगातार हम संपर्क में हैं। इसके अलावा आईजी, एसपी और कलेक्टर मौके पर हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## ग्वालियर में हिट एंड रन केस

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को उड़ाया...मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



शहर में हिट एंड रन केस सामने आया है। यहां तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि टक्कर के बाद बाइक सवार फुटबॉल की तरह उछलकर कई फीट दूर जा गिरा। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं कार ड्राइवर कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। हादसा शनिवार को झांसी रोड पर हुआ, जिसका वीडियो ▶▶ शेष पेज 5 पर

## प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई

### ईडी ने 207 करोड़ की संपत्तियों को किया कुर्क



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मदुरै के एक समूह से संबंधित कथित धोखाधड़ी मामले में धन शोधन जांच के तहत 207 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी ने कहा कि जांच ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 'नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड' के खिलाफ निवेशकों की शिकायतों के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। नियोमैक्स और इस समूह की कंपनियों ने कथित तौर पर 12-30 प्रतिशत ब्याज के साथ उच्च रिटर्न का वादा किया था।

## असम के डीजीपी को धमकी

### कहा- हफ्तेभर के लिए सुरक्षा हटाकर दिखाएं

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम का प्रतिबंधित संगठन उल्फा (आई) ने राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को धमकी दी है कि एक हफ्ते बिना सुरक्षा के घूमकर दिखा दें। इस आशय की धमकी वाला एक पत्र मीडिया के हाथ लगा है। विद्रोही गुट के कैप्टन रुमेल असोम की ओर से साइन किया गया लेटर में कहा गया है कि डीजीपी जीपी सिंह ने 15 दिसंबर को मीडिया से बात करते हुए हमें चुनौती दी थी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय भवन सूरत डायमंड बोर्स का पीएम ने किया उद्घाटन

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन को हमने पीछे छोड़ा

यह इमारत हीरा व्यापार का केंद्र होगी




### यह हैं खासियतें?

- *15 मंजिला यह इमारत 35 एकड़ में फैली*
- *इसमें नौ आयताकार संरचनाएं, जो आपस में जुड़ीं*
- *इसमें नौ टावर के साथ लगभग 4,500 ऑफिस होंगे*
- *इसमें लगभग 65,000 से अधिक हीरा पेशेवर एकसाथ काम कर सकेंगे*
- *एक अंतरराष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता के बाद भारतीय आर्किटेक्ट कंपनी मॉर्फोजेनेसिस ने इस इमारत का डिजाइन तैयार किया*

## फर्जी दस्तावेज का मामला

# फर्जी दस्तावेज से जाली पासपोर्ट मामले में एलजी ने 11 पर मुकदमा चलाने की दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने के गंभीर आरोपी 11 लोगों पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुकददमा चलाने को मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी दिल्ली सचिवालय के एक आला अधिकारी ने रविवार को दी।

अधिकारी के अनुसार उपराज्यपाल द्वारा फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने के आरोपियों पर मुकदमा चलाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले एलजी करीब 69 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे चुके हैं। अधिकारी की माने तो फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने के आरोपियों पर पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत मामला चलाने को मंजूरी दी गई है।



### पहले भी 69 लोगों का आया था मामला

अधिकारी के अनुसार इससे पूर्व में पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत दर्ज 46 प्राथमिकियों में नामजद 69 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे चुके हैं। ताजा मामले में 11 आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए गृह विभाग ने उपराज्यपाल से अभियोजन की मंजूरी मांगी थी। सभी संवैधानिक पक्षों के अध्ययन के बाद अंत में एलजी ने मंजूरी वाली फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए हरी झंडी दे दी।

## पीएम मोदी और भारत सरकार से लगाई वापस बुलाने की गुहार

ज्यादातर मजदूरों का वर्क परमिट खत्म होना बनी वजह

# जॉर्डन में फंसी जानः विदेशी जमीन पर 120 भारतीय मजदूर फंसे, भोजन,पानी तक के लिए तरस रहे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारत से रोजी रोटी की तलाश में जॉर्डन गए 120 मजदूर वहां फंस गए हैं। फंसे मजदूरों में बिहार, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा समेत अन्य राज्य के मजदूर शामिल हैं। इनमें से बहुत सारे मजदूर दो साल पहले विदेश गए थे। इन मजदूरों में से कुछ के पास तो पासपोर्ट है। वहीं, कुछ ऐसे भी हैं जिनका पासपोर्ट कंपनी के पास जमा है। मजदूरों का दावा है कि उन्हें पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### चार महीने से वेतन देने में आनाकानी शुरू की



हालांकि चार महीने पहले कंपनी ने वेतन देने में आना कानी शुरू कर दी। पहले तो उन्हें इस बात का भरोसा दिया गया कि जल्द ही उन्हें वेतन दे दिया जाएगा लेकिन हफ्ता दर हफ्ता चार महीने बीतने के बाद भी उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया। जॉर्डन में फंसे 120 से ज्यादा भारतीय मजूदरों के साथ ही भारी संख्या में पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के भी मजदूर शामिल हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### क्या है इकामा और जॉर्डन में वर्क परमिट से संबंध

गौरतलब है कि इकामा सऊदी अरब और खाड़ी देशों में में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों को जारी किया जाता है। इस इकामा के आधार पर वे जॉर्डन में ऑन अराइवल विजा हासिल कर सकते हैं। फंसे मजदूरों का कहना है कि वे इसी इकामा के आधार पर यहां काम कर रहे थे। अब उनके इकामा की अवधि समाप्त हो चुकी है। यही ▶▶ शेष पेज 5 पर

# 'किसान हितकारी कृषि भूमि मुआवजा योजना' बनाकर लागू करे दिल्ली सरकार : सचदेवा

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूर रोका, कर्मियों ने ज्ञापन लेने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हम आज शांतिपूर्ण तरीके से विधायकों के साथ दिल्ली में किसान हितकारी कृषि भूमि मुआवजा योजना एवं देहात में विकास की मांग को लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल को ज्ञापन देना चाहते थे पर मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस बल लगवा कर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल को रोकना एवं उनसे मिलने से इनकार करना उनके अराजक व्यवहार का प्रमाण है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। सचदेवा ने कहा कि हम मांग करते हैं कि दिल्ली सरकार अविलंब किसान हितकारी कृषि भूमि मुआवजा योजना बना कर लागू करे ताकि भूमि अधिग्रहण को लेकर दिल्ली के औचंदी गांव एवं आस पास के गांवों में चल रहे किसान असंतोष को शांत किया जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को दिल्ली के किसानों एवं देहात की कृषि भूमि मुआवज़ा योजना की मांग और देहात में विकास की मांग को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं



विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचा पर मुख्यमंत्री कैम्प आफिस द्वारा बुलाये पुलिस बल ने प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूरी पर रोक दिया।

### कृषि भूमि मामले को लेकर किसानों में रोष

सचदेवा ने बताया कि दिल्ली के औचंदी गांव एवं आस पास के गांवों में कृषि भूमि अधिग्रहित होनी है जिस कारण वहां किसानों में रोष है और प्रदेश भाजपा इसके लिए नई मुआवजा नीति की मांग ज्ञापन सौंपकर करना चाह रही है। मुख्यमंत्री आवास के कर्मी सम्पर्क करने पर दिल्ली देहात से जुड़ा ज्ञापन भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हुए। प्रतिनिधिमंडल में वीरेन्द्र सचदेवा, रामवीर सिंह बिधूड़ी के अलावा विधायक विजेन्द्र गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा, मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, अभय वर्मा, अनिल बाजपेई एवं जितेंद्र महाजन, पूर्व विधायक वेद प्रकाश और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर सम्मलित थे।

### आज विधानसभा में औचंदी गांव के किसानों की मांग को उठाएंगे : बिधूड़ी

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री के ना मिलने पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि हम सोमवार को विधानसभा में औचंदी गांव के किसानों की मुआवज़ा नीति की मांग को उठाएंगे। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली देहात को विकास कार्यों एवं समाज कल्याण योजनाओं से वंचित किया है जिससे आज किसानों एवं देहात के अन्य लोगों में रोष व्याप्त है।

## खबर संक्षेप

### मंत्री ने सुश्रुत ट्रामा सेंटर का किया औचक निरीक्षण



**नई दिल्ली।** एक मरीज को सर्जरी के लिए एक बार नहीं पांच बार भूखा रखा गया। यह मामला सिविल लाइंस लाइन के सुश्रुत ट्रामा सेंटर में सामने आया है। दरअसल शनिवार देर शाम दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सुश्रुत ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। उन्होंने कहा कि जब वह ट्रॉमा सेंटर में पहुंचे तो सेंटर की हालत खराब नजर आई, सफाईकर्मी और डॉक्टर्स की भारी लापरवाही देखने को मिली। मरीजों का ध्यान ठीक से नहीं रखा जा रहा था। एक मरीज का तो इतना बुरा हाल था, रोजाना उसे सर्जरी करने के लिए भूखा रहने के लिए बोलते थे और सर्जरी भी नहीं करते, इस तरह 5 बार उसे भूखा रखा गया। सौरभ ने कहा कि सीएम केजरीवाल दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। किंतु कुछ डॉक्टर और स्टाफ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह नहीं कर रहे।

### चिल्ला गांवः गोदाम में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** मयूर विहार के चिल्ला गांव स्थित एक गोदाम में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग की लपटे और धुएं का गुब्बार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगा। फायर कंट्रोल रूम को जैसे ही मामले की सूचना मिली अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली करीब दो दर्जन गाड़ियां रवाना की गई। आग पर काबू पाने में कई घंटे का समय लग गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि दोपहर 12:45 बजे मयूर विहार फेज वन के चिल्ला गांव स्थित एमआरएफ टायर शोरूम के पास वुडन फ्लोरिंग और एसेसरीज के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ सहित 100 से ज्यादा फायरकर्मी पहुंचे और आग बुझाने में जुट गये। यह आग 500 स्क्वायर यार्ड में बने गोदाम में लगी थी।

### चोरी के 39 मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा की टीम ने जितेंद्र उर्फ जीतू और मुकेश उर्फ पप्पू नामक दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी किए गए 39 मोबाइल बरामद हुये। इस गिरफ्तारी के साथ चोरी के 10 मामलों को सुलझाया गया है। पूर्व में दोनों आरोपी 17 आपराधिक मामलों में शामिल पाए गए हैं। दोनों सुल्तानपुरी और कर्मपुरा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार सब इंस्पेक्टर इंद्रवीर को सूचना मिली थी कि चोरी के कई मामलों में वांछित बदमाश जितेंद्र द्वारका मोड़ इलाके में छिपा हुआ है। यदि समय पर कार्यवाही की जाये तो उसे चोरी की संपत्ति के साथ पकड़ा जा सकता है। इसके बाद टीम द्वारा जाल बिछाकर उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से चोरी के दो फोन मौके पर ही बरामद किए गए। बाद में उसकी निशानदेही पर साथी मुकेश को भी एक चोरी के फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। मुकेश से पूछताछ के बाद चोरी के 36 मोबाइल और बरामद हुये। जीतू छह और मुकेश 11 मामलों में शामिल पाया गया है।


### गुलाबी बाग का मामला, मेडिकल उपकरण भी बरामद

# नकली दवा बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने गुलाबी बाग इलाके में चल रही फर्जी दवा बनाने वाली कंपनी का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में फैक्ट्री के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस फैक्ट्री में खुजली की दवा बनाई जाती थी। मौके से भारी मात्रा में मेडिकल उपकरण और जेल भी बरामद हुआ है।

स्पेशल सीपी रविंद्र यादव के अनुसार बेटनोवेट-एन क्रीम के खाली ट्यूब वाले 57 कार्टन बरामद किए गए है। प्रत्येक कार्टन में 1200 ट्यूब (लगभग 68,000 खाली ट्यूब) पाई गई। बेटनोवेट-एन क्रीम के भरे ट्यूब वाले चार कार्टन मिले। प्रत्येक कार्टन में 550 ट्यूब (लगभग 2200 ट्यूब) बरामद हुये। इस फैक्ट्री को चलाने के आरोप में अवन मोंगा (45) निवासी विष्णु गार्डन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को पिछले कुछ महीनों से



इनपुट मिल रहा था कि कुछ कंपनियों द्वारा कई डुप्लिकेट सौंदर्य प्रसाधन और दवा उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रकार की अवैध गतिविधि न केवल कॉपीराइट अधिनियम के अंतर्गत आती है बल्कि लोगों को परेशानी का सबब भी बनती है। क्राइम ब्रांच को मैन्युअल और तकनीकी स्त्रोतों के माध्यम से जानकारी मिली और गुलाबी बाग क्षेत्र में एक कंपनी पर छापा मारा गया। प्लॉट नंबर 99 में यह फैक्ट्री चल रही थी। पूछताछ के दौरान अवन सिंह मोंगा ने खुलासा किया कि वह मोटा मार्जिन हासिल करने के लिए पिछले एक साल से यह फैक्ट्री चला रहा था। इसके लिये बाहरी दिल्ली में एक प्रिंटिंग प्रेस से बेटनोवेट-एन का मुद्रित बाहरी कवर और ट्यूब प्राप्त करता था। उसके बाद अपनी फैक्ट्री में क्रीम को भरने और सील करने के लिए उसका उपयोग करता था। उसने यह कारोबार बाहरी दिल्ली के इलाके में फैला रखा था। पुलिस पूरी चेन का खुलासा करने का प्रयास कर रही हैं। मोंगा 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। पहले वह अपने भाई के साथ अनब्रांडेड प्रोडक्ट्स का निर्माण करता था। आसानी से पैसा कमाने के लिए उसने अपनी खुद की फैक्ट्री स्थापित की और अलग-अलग कंपनी के डुप्लीकेट उत्पाद बनाना शुरू कर दिया।


### एलजी ने जाली पासपोर्ट मामलों के संबंध में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमे को मंजूरी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने के गंभीर आरोपी 11 लोगों पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुकददमा चलाने को मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी दिल्ली सचिवालय के एक आला अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी के अनुसार उपराज्यपाल द्वारा फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने के आरोपियों पर मुकदमा चलाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले एलजी करीब 69 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे चुके हैं।

अधिकारी की माने तो फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट बनवाने के आरोपियों पर पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत मामला चलाने को मंजूरी दी गई है। अधिकारी के अनुसार इससे पूर्व में पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत दर्ज 46 प्राथमिकियों में नामजद 69 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे चुके हैं। ताजा मामले में 11 आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए गृह विभाग ने उपराज्यपाल से अभियोजन की मंजूरी मांगी थी। सभी संवैधानिक पक्षों के अध्ययन के बाद अंत में एलजी ने मंजूरी वाली फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए हरी झंडी दे दी।

# किशोरी को देह व्यापार में धकेलने वाले तीन दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

14 साल की लड़की को देह व्यापार में जबरन धकेलने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें बिहार निवासी इरशाद, हसीबुल और उसकी पत्नी संजरी शामिल है। लड़की को अगवा कर बिहार से दिल्ली के सदर बाजार लाया गया था।

पुलिस ने बताया कि सदर बाजार के एक घर में देह व्यापार रैकेट संचालित होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद लड़की को रेस्क्यू करने और छापेमारी के लिए एक टीम गठित की गई। सदर बाजार के कटरा आत्मा राम के घर में छापेमारी कर बिहार की रहने वाली एक लड़की को वहां से छुड़ाया। पूछताछ में यह बात सामने आई कि लड़की को बिहार से लाया गया था। उसे एक कमरे में देह व्यापार के लिए बंद कर रखा गया था। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों ने किशोरी का अपहरण किया, बंधक बनाया और महीनों तक देह व्यापार के लिए मजबूर किया। पुलिस के अनुसार लड़की अनाथ है और पांच छह महीने पहले उसे अररिया, बिहार से अगवा कर लिया गया था। पीड़िता की काउंसलिंग की जा रही है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 363, 368 ए, 370, 370 ए, 376, 34 आईपीसी एवं 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पीड़िता को पहले किसी अन्य घर में कैद किया गया था। बाद में पुलिस की नजर से बचने के लिए उसे यहां स्थानांतरित किया गया था।

### टोडापुर गांव में किया चौपाल का शिलान्यास

**नई दिल्ली।** टोडापुर गांव के निवासियों को जल्द ही नई आधुनिक चौपाल मिलेगी। यहां आधुनिक चौपाल बनाने के लिए रविवार को स्थानीय विधायक दुर्गेश पाठक ने शिलान्यास किया है। इस दौरान समारोह में उपस्थित स्थानीय लोगों ने खुश होकर दुर्गेश पाठक को प्यार और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पाठक ने बताया कि टोडापुर गांव में 1950 में चौपाल बनाई गई थी जिसकी हालत जर्जर हो गई थी। जब चुनाव के समय हम टोडापुर गांव में गए थे तो सब लोगों की एक प्रमुख मांग थी कि नए चौपाल का निर्माण किया जाए। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजेंद्र नगर के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि बिना चौपाल के कोई भी गांव अधूरा होता है। टोडापुर गांव दिल्ली में एक अहम स्थान रखता है। यहां 73 साल पहले एक चौपाल बनी थी। इसके बाद से आज तक यहां कोई नई चौपाल नहीं बनाई गई। समय अधिक होने के कारण मौजूदा चौपाल की हालत बहुत खराब हो गई थी।

## न्यू अशोक नगरः एटीएम में सेंध लगाता रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

न्यू अशोक नगर थाना इलाके के कोंडली में एक्सिस बैंक के एटीएम में चोरी करता एक शख्स रंगे हाथ पकड़ा गया है। वह इलेक्ट्रिक कटर और अन्य आजौरों के साथ अपने मंसूबों को अंजाम देने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम श्याम (30) निवासी गाजीपुर है।

पुलिस के अनुसार रविवार तड़के पुराने कोंडली स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉल मिलने पर पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची जहां एटीएम केबिन में इलेक्ट्रिक कटर, पेचकस आदि सामान के साथ एक व्यक्ति मौजूद था। पूछताछ में पता चला कि वह मूलरूप से यूपी के मैनपुरी का रहने वाला है। सात आठ साल पहले वह दिल्ली आया था और नोएडा में एक एक्सपोर्ट फैक्ट्री में काम करने लगा। इसके बाद उसने एक कार खरीदी और उसे टैक्सी के रूप में चलाना शुरू कर दिया। लेकिन उसके पिता को कैंसर होने के कारण वह कार बेचनी पड़ी। श्याम पर लगभग सात से आठ लाख का कर्ज चढ़ गया। 15/20 दिन पहले मयूर विहार बस स्टैंड पर उसे एक लावारिस कार्टून मिला जिसमें एक इलेक्ट्रिक कटिंग मशीन, दो अतिरिक्त ब्लेड और एक पेचकस था। उसके बाद श्याम के दिमाग में एटीएम में सेंध लगाकर कर्ज उतारने का विचार आया था। वर्तमान में आरोपी ई-रिक्शा चलाता है।

### बस स्टॉपों पर अंधेरा

### डीसीडब्ल्यू ने पीडब्ल्यूडी को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने शनिवार की रात बक्करवाला और बपरोला इलाके में बस स्टॉप और बसों में महिला सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि कई जगह पर बस स्टॉप और सड़कों पर अंधेरा मिला। इतने अंधेरे में महिलायें कैसे सुरक्षित होंगी। इस पर उन्होंने रविवार को दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को नोटिस जारी किया है। डीसीडब्ल्यू ने जारी नोटिस में पूछा कि बस स्टॉप एवं सड़कों पर अंधेरा होने के क्या कारण हैं। कब से स्ट्रीट लाइटें और बस शेल्टर की लाइटें चालू नहीं हैं इसका विवरण दिया जाए। एक जनवरी 2022 से इन बस स्टॉप और सड़कों पर डार्क स्पॉट के संबंध में प्राप्त शिकायतों का विवरण और शिकायत पर की गई कार्रवाई का विवरण देने को कहा है।

## द्वारकाः सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को सख्त संदेश देने के लिए शनिवार को एक विशेष अभियान चलाया, जिसमें 132 लोगों को पकड़ उन पर कार्रवाई की गई। पुलिस इससे पहले भी इस प्रकार के कई अभियान चला चुकी है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि द्वारका जिले के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक शराब पीने के खिलाफ अभियान चलाया गया है। इसका मकसद सभी के लिए सुरक्षित सार्वजनिक स्थान बनाना था। टीमों का गठन संबंधित थाना प्रभारियों की देखरेख और एसीपी की निगरानी में किया गया था। अभियान के दौरान,



क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति दर्शाने के लिए अधिकांश कर्मचारियों को सड़क पर उतारा गया। इसके अलावा, विशिष्ट टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने सार्वजनिक पार्कों, आवासीय क्षेत्रों सहित क्षेत्र में पैदल और मोटरसाइकिल गश्त की। खाली भवनों, डार्क स्पॉट आदि की भी पड़ताल की गई। सिविल में शराब की दुकानों के बाहर टीमें तैनात की गई थी। अभियान के दौरान द्वारका सब-डिवीजन से 32 लोगों को पकड़ा गया। डाबरी से 43, नजफगढ़ से 38, छावला सब-डिवीजन से 19 लोगों को पकड़ा गया। कई लोगों को पुलिस ने 40-ए एक्साइज एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। कुल मिलाकर 132 लोग द्वारका पुलिस द्वारा पकड़े गये।

### 2020 दंगा : पीएमएलए मामले में ताहिर हुसैन की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** अदालत ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित एक अन्य मामले में आरोप तय होने तक उनके खिलाफ धन शोधन मामले में कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। दंगे भड़काने की साजिश से संबंधित मामले में हुसैन के साथ-साथ शरजील इमाम, उमर खालिद और खालिद सैफी समेत 20 लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किया गया धन शोधन का मामला दंगे की साजिश के मामले से संबंधित है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि हुसैन ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन को बढ़ावा देने और सांप्रदायिक दंगे भड़काने के लिए मुखौटा कंपनियों का उपयोग करके कई करोड़ रुपये की हेराफेरी की।

## कार्यकर्ताओं के बल पर हम दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटें जीतेंगे : पांडा

# सभी 13 हजार बूथों की संगठनात्मक भागीदारी करनी है सुनिश्चित : संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विकसित भारत अभियान से लेकर बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने के लिए हमें पूरी मेहनत करनी है और दिल्ली के सभी 13 हजार से अधिक बूथों की संगठनात्मक भागीदारी सुनिश्चित करनी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष ने रविवार को राष्ट्रीय कार्यालय के विस्तार भवन में आयोजित दिल्ली भाजपा की संगठात्मक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि 2019 की तुलना में 2024 का लोकसभा चुनाव आसान है लेकिन इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। आज हमारे सामने चुनौतियां राजनीतिक दल के साथ वैचारिक शक्तियां की भी है जो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों को मदद कर रही है। बता दें कि यह संगठनात्मक बैठक राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष के मार्गदर्शन एवं प्रदेश





अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं पार्षद शामिल हुए। बैठक में पार्टी की ई- विस्तारक योजना, समर्पण निधि योजना, सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस आयोजन के साथ ही अगले माह 1 जनवरी से 15 जनवरी तक श्री राम मंदिर अयोध्या को लेकर जन जागरण अभियान चलाने और 22 जनवरी, 2024 को उत्सव के रूप में मनाने पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने कहा कि आगामी समय हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई कार्यक्रमों के साथ केन्द्र सरकार की कई योजनाएं भी चल रही है जिनको घर-घर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। कुछ राज्यों से हाल ही में आए चुनावी परिणाम ने माहौल को सकारात्मक कर दिया है, इसलिए हमारे अंदर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की रणनीति के साथ कार्यकर्ताओं के बल पर हम दिल्ली की सभी सातों सीटें जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें जीत के अंतर को और बड़ा करने के लिए खुद प्रयास करना होगा और उसके लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनसे बातचीत करनी होगी।

### कोई भी दिल्ली की सातों सीटें जीतने से नहीं रोक सकता : सचदेवा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जो लक्ष्य अभी हमारे सामने है और जो कार्य राष्ट्रीय नेतृत्व ने हमारे जिम्मे लगाया है, अगर उसे पूरा कर लिया जाए तो हमें कोई भी दिल्ली की सातों सीटें जीतने से नहीं रोक सकता है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती, वीर बाल दिवस, विकसित भारत संकल्प यात्रा और अन्य कार्यक्रमों की तैयारी करनी है। साथ ही हमें मोदी की गारंटी की गाड़ी जो दिल्ली भर में घूम रही है के प्रति लोगों के उत्साह को दिल्ली में एक बड़ी जीत का आधार बनाना होगा। बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर एवं सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी के उपस्थिति में संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया, महामंत्री कमलजीत सहरावत एवं अन्य पदाधिकारियों ने गणमान्य मंच आसीन नेताओं का अभिनंदन किया और महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया ने अंत में गणमान्य वक्ताओं सहित सभी का धन्यवाद किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, विजय गोयल एवं आदेश गुप्ता के साथ सांसद मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, हंसराज हंस एवं गौतम गंभीर और राष्ट्रीय सह प्रभारी असम पवन शर्मा एवं जम्मू-कश्मीर आशीष सूद भी बैठक मे उपस्थित रहे।




## नवीन शाहदरा जिला में 'कार्यकर्ता संगम' आयोजित

# 100 फीसदी बूथ जिताने वाले कार्यकर्ता के साथ मिलकर राम लल्ला के करेंगे दर्शन : स्मृति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा के नवीन शाहदरा जिला ने रविवार को कार्यकर्ता संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बूथ, मंडल, जिला के हजारों कार्यकर्ता पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आगामी लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाते हुए कहा कि मैं यहां मौजूद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा, सांसद मनोज तिवारी और जिलाध्यक्ष से ये वादा चाहती हूं कि इस जिले के जो भी कार्यकर्ता 100 प्रतिशत बूथ जिताएंगे, उन्हें अयोध्या जरूर लाएं और हम साथ मिलकर राम लल्ला के दर्शन करेंगे। ये एक बहन अपने भाईयों से वादा चाहती है। ऐसे सभी कार्यकर्ताओं को राम मंदिर के उद्घाटन पर अयोध्या जरूर लाएं। ईरानी ने कहा कि सासंद मनोज तिवारी ने अपनी लोकसभा में मेट्रो लाने, फ्लाइओवर बनवाने व 36 करोड़ की लागत से रीवर फ्रंट का काम कराने जैसे कई सराहनीय काम किए। जैसे सभी परिवारों के जीवन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रोशनी लाने का काम किया। अब हमें पूरे देश में इसी तरह विकास की झड़ी लगानी है और ये संकल्प लेना है कि कोई भी क्षेत्र और बूथ विकास से अछूता न रहे।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और दिल्ली प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री हर्षदीप मल्होत्रा, प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता, विधायक जितेंद्र महाजन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन व अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज त्यागी ने किया कार्यक्रम के दौरान सांसद मनोज तिवारी के द्वारा कराए गए संसदीय क्षेत्र के 24 प्रमुख विकास कार्यों को संकलित कर बनाई गई एक डॉक्यूमेंट्री भी विशाल एलईडी स्क्रीन पर दिखाई गई।

ईरानी ने कहा कि आने वाला समय चुनाव की दृष्टि से एक नया सवेरा लाएगा। जब तक मोदी है हम असंभव को भी संभव कर दिखाएंगे और हर बूथ पर कमल खिलाएंगे।

दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने तो दिल्ली को टूटी सड़क दी, भरे हुए सीवर दिए, बहती शराब की नदियां दी लेकिन हम केवल एक सड़क नहीं पूरी दिल्ली और देश को विकसित करेंगे और यही निर्णय लेकर आज सारे कार्यकर्ता आगे बढ़े। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को आरक्षण दिया और अपनी गारंटी पूरी की।

### उत्तर पूर्वी दिल्ली को आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाने के लिए सतत प्रयासरत हैं : तिवारी

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि सेवा धाम रोड का जाम हटाना मेरा प्रण है। रोड नंबर 65 का मामला सुझाएं। जेल रोड वाली सड़क पतली थी, उसे चौड़ा करा रहे हैं। फ्लाईओवर बनाकर जाम खत्म करने का काम करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। जो गली गली जा रही है। आपकी बेटी है तो उसका खाता खुलवाएं, आप बेघर हैं तो घर आपको मोदी दिलाएंगे आप पंजीकरण तो कराएं। आप सब जाग जाइए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग मेट्रो डबल डेकर फ्लाईओवर दिल्ली में उत्तर पूर्वी दिल्ली को विशिष्ट बनाते हैं अब हम विकसित उत्तर पूर्वी दिल्ली को आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाने के लिए सतत प्रयासरत हैं।

## डीडीए कैंप में वीकेंड पर लगी भारी भीड़, लोग पहुंचे कई तरह की जानकारी लेने

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के फेस्टिवल धमाका हाउसिंग स्कीम के लिए द्वारका सेक्टर-19बी में लगाए गए मेगा कैंप के दूसरे दिन रविवार को लोगों की भारी भीड़ लगी रही। शनिवार की तुलना में रविवार को कैंप में पहुंचे लोगों की संख्या अधिक रही। कैंप में लोगों ने फेस्टिवल धमाका हाउसिंग स्कीम को लेकर कई तरह की जानकारियां प्राप्त की। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि कैंप के दूसरे व अंतिम दिन लोगों की भीड़ ज्यादा थी। अधिकारी ने कहा कि कैंप फेस्टिवल धमाका हाउसिंग स्कीम की जानकारी के लिए आयोजित किया गया था। लेकिन रविवार को कई लोगों ने अन्य आवासीय योजनाओं को लेकर भी भिन्न-भिन्न जानकारी मांगी। हालांकि यह जानकारी इस कैंप से जुड़ी नहीं थी बावजूद यथासंभव अधिक से अधिक जानकारी लोगों को प्रदान की गई। अधिकारी की मानें तो कैंप लगाना लोगों के लिए बेहद मददगार साबित हुआ और उन्होंने इसके लिए डीडीए का धन्यवाद भी किया है। कैंप पहुंचे सतीश शर्मा नामक व्यक्ति ने बताया कि अभी तक डीडीए की वेबसाइट पर जाकर जानकारी ली थी। लेकिन कैंप में मौजूद अधिकारियों ने आमने सामने सवालों के जवाब दिए जिससे योजना के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करने में बहुत सरलता महसूस हुई। निर्मला नामक महिला ने कहा कि इस योजना के सहारे अपने घर का सपना पूरा करने के लिए बहुत उत्साहित है, लेकिन कोई गलती न हो जाए इसको लेकर चिंतित थी।


## विधानसभा सत्र : आज अहम चर्चा में भाग ले सकते हैं सीएम केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सीएम अरविंद केजरीवाल चर्चा में भाग ले सकते हैं। उधर विपक्ष कई मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष पर दबाव बनाने की कोशिश करेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार से दो दिवसीय बुलाए गए विधानसभा सत्र के आखिरी दिन 18 दिसंबर सोमवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गरमागरम बहस हो सकती है। सत्तापक्ष के सदस्य चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सरकार पर दबाव बना सकते हैं वहीं विपक्ष के सदस्य भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार पर निशाना साध सकते हैं। वहीं दूसरे दिन विधानसभा में मंत्रियों द्वारा कई कागजात और प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे जाएंगे। वहीं माना जा रहा है कि विधानसभा की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकती है।

## दिल्ली कांग्रेस संगठन को मजबूती के लिए बनाए गए ऑब्जर्वर ने शुरू की जिला बैठक

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनावों से पहले दिल्ली कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसके तहत प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वरों ने जिला स्तर पर बैठक करनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में करावल नगर जिला के तहत बुराड़ी में ऑब्जर्वर, पूर्व विधायक करन सिंह तंवर ने बैठक ली। इस अवसर पर तंवर के अलावा प्रदेश स्तर के कई नेता, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, अधिकांश ब्लॉक अध्यक्ष व जिले के कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में ऑब्जर्वर तंवर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नया जोश भरने की कोशिश की। तंवर ने कहा कि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो कई बार गिरकर पुन खड़ी हुई है। दिल्ली में तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने 15 साल तक लगातार विकास किया। वहीं संयुक्त बयान में तंवर व आदेश भारद्वाज ने कहा कि गुड गवर्नेंस की बात करने वाले मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली को गोबर गवर्नेंस में बदल दिया है, जगह जगह कूड़ा गंदगी के ढेर लगे हैं।



# शब्दों में परिभाषित नहीं किया जा सकता दीनबंधु सर छोटूराम के योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा देश की उन्नति में दीनबंधु सर छोटूराम का प्रमुख योगदान है। देश के कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को शब्दों में परिभाषित नही किया जा सकता। देश की प्रगति में योगदान दे रहा भाखड़ा नांगल डैम सर छोटूराम की सोच ही देन है। उपमुख्यमंत्री गुरुग्राम के सेक्टर 32 स्थित दीनबंधु सर छोटूराम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश में हुए ग्रीन व व्हाइट रेवेलुशन के बाद वर्तमान में ब्लू रेवेलुशन में हरियाणा व पंजाब राज्य अपनी मजूबत उपस्थित दर्ज करा रहे है तो यह केवल और केवल सर छोटूराम की सोच के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि सर छोटूराम सही मायनों में कमरे वर्ग के सच्चे हितेषी थे। यह उनका ही संघर्ष था कि आज किसान खुशहाल है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसान कमरे वर्ग को जागरुक करने के लिए वे जीवनपर्यंत संघर्षरत रहे। आज उनकी प्रेरणा का ही प्रभाव है कि विभिन्न क्षेत्रों में हरियाणा का प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनसंख्या का मात्र दो प्रतिशत प्रतिनिधित्व कर रहे हरियाणा राज्य से नीट, एनडीए सहित संघ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

*उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा देश की उन्नति में दीनबंधु सर छोटूराम का प्रमुख योगदान है। देश के कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को शब्दों में परिभाषित नहीं किया जा सकता।*




### युवाओं की उपलब्धि में सामाजिक संस्थाओं की अहम भूमिका

*उन्होंने कहा कि युवाओं की इस उपलब्धि में हरियाणा की सामाजिक संस्थाओं का भी अहम योगदान है। राज्य की विभिन्न संस्थाएं युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति व परंपराओं से अवगत कराते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर उनका मार्गदर्शन कर रही हैं। जिसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के सेवानिवृत्त नागरिकों से आह्वान किया कि वे सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही संस्थाओ से जुडकर प्रदेश की नई पीढ़ी को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में उनका मार्गदर्शन करें। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान संस्था के नवनिर्मित डी ब्लॉक भवन का उद्घाटन कर उसमे ई लाइब्रेरी की स्थापना के लिए इक्कीस लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशंसा पत्र व स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीआर मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।*

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज में एआरटी सेंटर शुरू

**गुरुग्राम ।** नूंह के शहीद हसन खान मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में एआरटी सेंटर का



उदघाटन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एआरटी के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार ने की। मौके पर एआरटी के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार ने दो एचआईवी के मरीजों को दवाई भी दी। डॉ. कुमार ने कहा कि यह सेंटर शहीद हसन खान मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग की छठीं मंजिल पर है।

### सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट, धमकी

**गुरुग्राम ।** सेक्टर 17/18 एरिया में कंपनी के गेट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड से नशे में धुत युवक द्वारा



मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सिक्योरिटी गार्ड ने फोन करके अपने बेटे को बुलाया तो आरोपी ने हमला कर उसे भी घायल कर दिया। लोगों ने सिक्योरिटी गार्ड व उसके बेटे को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### ऑन रिकार्ड परीक्षा पास करने पर बधाई


**फरीदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा एडवोकेट



ऑन रिकार्ड का परिणाम घोषित होने पर फरीदाबाद के सैक्टर-15 के रहने वाले अधिवक्ता विकास वर्मा एडवोकेट को आज आरडब्ल्यूए सैक्टर-15 के प्रधान नीरज चावला के अलावा शहर की प्रबुद्ध हस्तियों ने बुक्के देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। यह देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है।

### कार का शीशा तोड़कर सामान चोरी

**गुरुग्राम ।** न्यू कॉलोनी एरिया में कार में बैठकर आए चोरों द्वारा खड़ी कार का शीशा तोडक़र



सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। सीमा कुमारी ने कहा कि उनकी स्विफ्ट कार रात को घर से निकट खड़ी थी। सुबह जल्दी उसका बेटा डॉग को घुमाने के लिए घर से निकला तो उसने कार के साथ किसी व्यक्ति को छेड़छाड़ करते पाया।

### फरार चल रहे हत्यारोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी तरुण कुमार की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार



चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गांव फतेहपुर बिल्लोच के एरिया से अवैध हथियार व जिंद रोंद सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 19 अगस्त 2023 को आदर्श नगर एरिया में आपसी रंजिश के चलते हत्या के प्रयास की वारदात को अंजाम दिया था।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद यात्रा के रथ का शानदार स्वागत

# आने वाले 2047 तक भारत को पूरी दुनिया विश्वगुरु के रूप में ही देखेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

*विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में मैन मार्केट सैनिक कॉलोनी, वार्ड 16 में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।*

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों उनके घर द्वार पर सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर मिल रही है। वहीं लोगों की परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने सहित अन्य आन लाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन अप लोड किए जा रहे हैं।

प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में मैन मार्केट सैनिक कॉलोनी, वार्ड 16 में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विधायक सीमा त्रिखा ने विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। अभी तक यह यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ हजारों शहरों में भी पहुंच चुकी है। अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत छोटे शहरों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है।

एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती त्रिखा ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन भी किया।

आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई

एलईडी युक्त वैन में सरकार की योजनाओं को दिखाया गया



### विकसित भारत संकल्प' यात्रा का मकसद भारत को विकसित बनाना

**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने रविवार को नगर पंचायत कार्यालय डासना में 'विकसित भारत संकल्प' यात्रा कार्यक्रम में वरिष्ठजनों से चर्चा किया। साथ ही अनेक योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पेंशन योजना इत्यादि से लाभार्थियों को जोड़ा और शुभकामनाएं दी। जनरल सिंह ने जन जागृति के संकल्प को सुदृढ करने वाली कहा कि




यह यात्रा भारत को विकसित बनाना और देशवासियों को खुशहाली व समृद्धि से जोड़ना है। बीते 9 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई। योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारा और निरंतर लोगों का जीवन बेहतर बना है। किसी बहन-बेटी को पानी के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ता है बल्कि नल से जल योजना से हर घर तक पानी पहुंचाने का भागीरथ 70 सालों में पहली बार नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा ही किया गया। केंद्रीय मंत्री ने लोगों को इस जनअभियान में जुड़कर आमजन को जागरूक कर लाभ दिलाने में सहायक बनने को कहा।

### रणजी ट्रॉफी खिलाने के नाम पर

# दो खिलाड़ियों के परिजनों से 17 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

अंडर 19 रणजी ट्रॉफी में क्रिकेट खिलाने के नाम पर साढ़े 17लाख रुपए1 रुपए की ठगी कर ली। उसने यह ठगी दो युवा खिलाड़ियों के अभिभावकों से की है। उसने किराए पर क्रिकेट स्टेडियम ले रखा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नंदग्राम पुलिस ने रविवार को एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है जिसने अंडर 19 रणजी ट्रॉफी में क्रिकेट खिलाने के नाम पर साढ़े 17लाख रुपए की ठगी कर ली। उसने यह ठगी दो युवा खिलाड़ियों के अभिभावकों से की है। उसने किराए पर क्रिकेट स्टेडियम ले रखा था।

एसीपी नन्दग्राम ने बताया कि एक शख्स ने पुलिस में तहरीर दी थी कि विकास डागर ने अन्डर 19 में क्रिकेट खिलाने के नाम पर उससे से 12लाख 50हजार रुपये - धोखाधड़ी की है । इस संबंध मे थाना नन्दग्राम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नन्दग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया ।

साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर दो टीमों का गठन किया था। रविवार को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी विकास डागर को मोरटी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। डागर ग्राम निस्तौली थाना टीलामोड का निवासी है। विकास डागर के विरुद्ध थाना नन्दग्राम पर



02 अभियोग धोखाधड़ी कर पैसे ले लेने के संबंध में तथा 01 अभियोग दिल्ली के थाना ईओडब्ल्यू में भी धोखाधड़ी का कुल 03 अभियोग पंजीकृत है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया किं मैने एक क्रिकेट स्टेडियम किराए पर ले रखा था । जहां पर काफी लडके मैच खेलने के लिए आते थे, जिसमें से वादी को मैने ही अपने फ्लैट पर रखा था। मैने अंडर 19/रणजी मैच में उत्तराखंड की तरफ से खिलाने के लिए वादी से करीब 12लाख 50हजार ले लिए थे और मैने एक अन्य लड़के जो मेरे यहां पर खेलने के लिए आता था । उससे भी रणजी मैच उत्तराखंड खिलाने के नाम पर पांच लाख रुपए ले लिए थे ।

### प्रेम प्रसंग के चलते ऑनर किलिंग

# भाइयों ने अपनी बहन का गला घोंटकर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुरादनगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते ओनर किलिंग का मामला प्रकाश में आया है । एक युवक ने अपने ताज भाई के साथ मिलकर अपनी बहन की गमछे से गला घोट कर न केवल हत्या कर दी बल्कि उसके शव को मुरादनगर लाकर गंग नहर में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है व एनडीआरएफ की टीम यूपी की लाश को तलाश कर रही है । हालांकि इन दोनों की निशान दही पर यूपी के कपड़े सैंडल गमछा और आधार कार्ड बरामद कर लिए गए हैं। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम को गंगनहर के पास थाना मुरादनगर में दो संदिग्ध व्यक्तियों को चीता मोबाइल ने पूछताछ के लिए रोका। जब उनसे पूछताछ की गई तो दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन को गमछे से गला दबाकर मार दिया है और उसे गंगनहर में डाल दिया है । इस सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से युवती की लाश को तलाशा जा रहा है ।

दोनों युवकों नेमारने का कारण पूछने पर दोनों ने बताया कि उनकी बहन किसी व्यक्ति विशेष से प्रेम करती थी.। जो परिवार को पसंद नही था। इसलिए उन्होंने अपनी बहन को मारा । आरोपियों में सुफियान युवती का सगा भाई है । जबकि महताब ताऊ का लड़का है। दोनों हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की जा रही है । दोनों अभियुक्तों की निशानदेहि पर पीड़िता के कपडे, सैंडल, आधार कार्ड एवं जिस गमछे से पीडिता को मारा था बरामद कर लिया है।

### सोलर पैनल की प्रदर्शनी भी लगाई

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई ईवीएम की सत्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

देश में सभी राजनीतिक दल ईवीएम की सत्यता को लेकर आए दिन सवाल उठाते रहते है। वहीं चुनाव बैलेट पेपर से करवाने की वकालत करते है। जवाहर कॉलोनी स्थित वीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शनिवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने ईवीएम की सत्यता को दिखाया। जिसमे छात्रों की ओर से दिखाया गया कि ईवीएम में जिस प्रत्याशी के सामने बटन दबाया जाता है तो वोट उसी पार्टी में जाता है। छात्रों की ओर से बकायदा इसका डेमो भी दिया गया है।

छात्रों की सोलर पैनल, एटॉमिक ऊर्जा सहित कई तरह की प्रदर्शनी लगाई गई। स्कूल के संस्थापक एम.एल. ढींगड़ा, प्रधानाचार्य अनु ढींगड़ा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करके छात्रों का



हौसला बढ़ाया।

वहीं प्रधानाचार्य अनु ढींगड़ा ने बच्चों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि विज्ञान के आधुनिक मॉडल बनाकर बच्चों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस तरह के आयोजन से बच्चों में छिपी वैज्ञानिक व अन्य प्रतिभाएं सामने आती है तथा अन्य बच्चों को प्रेरणा मिलती है। इस दौरान वरिष्ठ शैक्षणिक प्रमुख प्रीति सैनी, उपप्रधानाचार्य जेएल गिरी भी मौजूद रहे।

### एलएमओ प्लांट का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

# 10हजार लीटर क्षमता वाले प्लांट बिना बिजली के कर सकते हैं इस्तेमाल







हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने क्षेत्र के एम एम अस्पताल में एलएमओ प्लांट का उद्घाटन किया। 58 लाख रुपए की लागत से 10हजार लीटर क्षमता का यह एलएमओ प्लांट इमरजेंसी कोविड रिलीफ फंड के अंतर्गत लगवाया गया है। मेडीमेटिक टेक्नोलॉजी प्रा.लि. द्वारा इस कार्य को संपन्न कराया गया है।

इस अवसर पर वीके सिंह ने बताया कि इस ऑक्सीजन प्लांट के द्वारा 100 बेड पर सामान्य स्थिति में काम से कम एक माह तक काम चलाया जा सकता है। इस प्लांट के लगने से गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र को अनेकों फायदे होंगे। जैसे बिना बिजली पर निर्भर हुए इसे इस्तेमाल में लाया जा सकता है। बिना रुके ऑक्सीजन जनहित में दी जा सकती है। लिक्विड ऑक्सीजन टैंक में इकट्ठी होकर इसे गैस में कन्वर्ट कर मरीजों तक पहुंचा जा सकता है।100प्रतिशत ऑक्सीजन प्यूओर जो कि मरीज के लिए ज्यादातर फायदेमंद है। इसका प्रेशर हर सप्लाई पर इक्वल ही जाता है। इस कार्यक्रम में सम्बंधित अधिकारी, डॉक्टर्स, अस्पताल स्टाफ व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### बैठक में लिया गया निर्णय, 26 जनवरी को होगा कार्यक्रम

# मानव सेवा समिति सेवा सहायता वर्ष के रूप में मनाएगी 25वीं वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मानव सेवा समिति की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में आयोजित की गई। जिसमें समिति की 25 वीं वर्षगांठ सेवा सहायता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

जिसकी शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन 25 दिसंबर को जरूरतमंदों में 501कंबल बांट कर की जाएगी। 26 जनवरी को एक सिल्वर जुबली कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया जिसमें समिति के सभी 501 मेंबर भाग लेंगे। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदाधिकारी व क्षेत्र प्रबंधक ऊषा मैडम, अरूण बजाज, अमर बंसल, सुरेन्द्र जग्गा, राजेन्द्र गोयनका, संजीव शर्मा, अरूण आहुजा, दिनेश शर्मा, रोशन लाल बोरड़, वाई के महेश्वरी, बनवारी लाल गुप्ता, संदीप राठी गुप्ता आदि ने भाग लेकर



सहयोग प्रदान किया।

संस्थापक अमर बंसल की अध्यक्षता में सिल्वर जुबली कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने के लिए एक प्रबंध समिति का गठन किया गया। समिति के महासचिव सुरेंद्र जग्गा ने कहा है कि छह संस्थापक सदस्य शुभकरण साबु, हवा सिंह राठी, कैलाश शर्मा, बलबीर सिंह, अरुण बजाज व अमर बंसल द्वारा 26 जनवरी 1999 को मानव सेवा समिति का गठन किया गया था।

### आरोपी ने लड़की बनकर युवक से की दोस्ती

आरोपी को एनआईटी की टीम ने किया

# फिर इंस्टाग्राम वाली लड़की के मर्डर का आरोप लगाकर, 313000 रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लडकी की आईडी बनाकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी को साइबर थाना एनआईटी प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में पीएसआई अर्जुन सिंह, एएसआई भूपेन्द्रए मुख्य सिपाही नरवीर सिंहए सिपाही संजय गौतम, युद्धबीर सिंह, महिला सिपाही प्रीती द्वारा सुरजपुर गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

दिलशाद हुसैन उर्फ दिल्लू उर्फ कादर बिहार गोपाल गंज के गांव कपुरचिक का रहने वाला है । फिलहाल वह गांव सुरजपुर गौतमबुद्ध नगर में रह रहा है। आरोपी मामले में नेट या व्हाट्सएप कॉलिंग कर ब्लैकमेल करते है। ऐसे आरोपी पुलिस अधिकारी, कस्टम अधिकारी व अन्य जांच एजेंसी के अधिकारी बनकर तथा बैकग्राउंड में पुलिस स्टेशन या अन्य किसी ऑफिस का क्रिएट कर ठगी की वारदात को अंजाम देते है।

22 सितंबर को इंस्टाग्राम पर शिकायतकर्ता कमल के पास अंजली नाम की लड़की की फ्रैंड रिक्वट आई। जिसपर कमल की लड़की बनकर आरोपी से चैट किया। करीब 5-7 दिन चैट होने पर आरोपी ने शिकार युवक से मिलने की बात कही और बताया कि वह हॉस्टल में रहती है।

आरोपी से 2 मोबाइल, 3 सिम, एचडीएफसी डेबिट कार्ड, 105000 रुपए नगद बरामद

#### ... 10 हजार रुपए दे, तुझे कुछ नहीं होने दूंगा

पीड़ित कमल भी वापस अपने घर चला गया। उसी दिन शाम को कमल के पास आरोपी को फोन आया कि वह अंजली के हॉस्टल इंचार्ज बोल रहा है। अंजली हॉस्टल से भाग गई है और वह तुमसे मिलने गई थी उसका मर्डर हो गया है और मर्डर तूने किया है। मर्डर वाली बात किसी को नही बताने के लिए उसने 20000 रुपए मांगे, पीड़ित कमल ने डरकर पेटीएम के माध्यम से 15000 रूपए आरोपी ट्रांसफर कर दिए। फिर 22 सितम्बर को आरोपी ने डीएसपी राहुल बनकर बात की और कहा कि अंजली का मर्डर तूने किया है। तुझे घर से उठा लेंगे और तुझे फांसी हो जाएगी। अगर बचना चहाता है तो 100,000 रुपए दे तुझे कुछ नहीं होने दूंगा। जिसके बाद कमल डर गया और इंस्टाग्राम आईडी को बदल दिया।



## खबर संक्षेप

### यूपी में दो आईपीएस अफसरों के तबादले



**लखनऊ।** यूपी में गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह अब विनीत जायसवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य सरकार ने गोण्डा के एसपी अंकित मित्तल को शनिवार देर रात हटा दिया। उनकी जगह लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में उपायुक्त विनीत जायसवाल को गोण्डा का नया एसपी बनाया गया है।वहीं अंकित मित्तल को मिर्जापुर स्थित आरटीसी चुनार भेजा गया है।

### बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत का उद्घाटन आज



**प्रयागराज।** वाराणसी से वाया प्रयागराज-नई दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को चालने के लिए टाइम टेबल रेलवे बोर्ड ने जारी कर दिया। वंदे भारत मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। 18 दिसंबर को इसका उद्घाटन होगा। यानी वाराणसी से यह नई दिल्ली तक जाएगी। इसका नियमित संचालन 20 दिसंबर से शुरू किया जाएगा।

### नियुक्ति पत्र लेने के बाद शिक्षकों ने छोड़ दी नौकरी




**पटना।** नवनियुक्त शिक्षकों ने अपना नियुक्ति पत्र तो लिया, लेकिन 150 ने योगदान देने के लिए स्कूल नहीं पहुंचे। पटना में 4856 नव नियुक्त शिक्षकों का चयन किया गया था, लेकिन 41 सौ शिक्षकों ने ही योगदान किया। चार सौ शिक्षकों ने चयन के बाद नियुक्ति पत्र ही नहीं लिया। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार कुल चयनित के लगभग साढ़े सात सौ शिक्षकों ने योगदान नहीं दिया है।

## उपराष्ट्रपति ने लखनऊ में अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया, बोले-

# स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी भ्रष्टाचार लोगों के स्वास्थ्य पर कुठाराघात , तनाव बढ़ाता है तनाव

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी। स्वास्थ्य पर सबसे अधिक कुठाराघात भ्रष्टाचार की वजह से पड़ता है। भ्रष्टाचारी बीमारी बढ़ाता है लेकिन अब भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं है। मौजूद समय में जो भी भ्रष्टाचार करता है कानून का शिकंजा उस तक पहुंच ही जाता है। भ्रष्टाचार करने वाला चाहे जितने बड़े परिवार अथवा नाम का हो कानून सबके लिए बराबर काम कर रहा है।

यह बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन अवसर पर कहीं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला आज से शुरू हुआ है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही जीवन है। आपके पास एक ही विकल्प है स्वस्थ रहना। माया का सुख भी तभी मिलेगा, जब निरोगी काया होगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक समय था जब आम जनता को दिल्ली से चलने वाला पैसा पूरा नहीं मिलता था लेकिन आज के समय में 100 प्रतिशत मिल रहा है। अटल जी की जो आकांक्षा और भावनाएं थीं वह आज पूरी हो रही हैं। अटल जी होते तो देखते कि उनका सपना सार्थक हो रहा है। आज भारत किसी के दृष्टिकोण का मोहताज नहीं है, हमारा देश पूरी दुनिया को दिशा दे रहा है। एक समय था कि स्वास्थ्य के मामले में हमने अंग्रेजियत को अपना लिया था लेकिन मौजूदा सरकार ने आयुष मंत्रालय का गठन कर हमें अपनी पुरानी पद्धति को अपनाने का अवसर दिया है।

अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन कर उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह मेरे लिए भावुक पल है। मुझे अटल जी का सानिध्य मिला है। सैद्धान्तिक मुद्दों पर अटल जी अटल थे। आज अटल जी होते तो देखते कि आज का भारत दुनिया के शिखर पर जा रहा है। आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है।

### प्रतिभा तभी काम आयेगी जब स्वास्थ्य अच्छा होगा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ में अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए शहर में पहले से ही डायवर्जन लागू कर दिया गया था।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया में तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। इसके लिए सबका स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा कितनी भी अच्छी हो लेकिन स्वास्थ्य अच्छा नहीं होता तो कुछ भी नहीं कर पायेंगे। इसलिए स्वस्थ रहना ही हमारे पास एकमात्र विकल्प है। इस पर भी सोचना होगा कि हम बीमार ही न पड़ें। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा जब उनसे मुलाकात होती है तो उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करता हूं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के काम की भी उपराष्ट्रपति ने तारीफ की।

## नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी पहुंचे

# हम जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगाः पीएम

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर वाराणसीमें हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के कार्यक्रम में पहुंचे। यहां मंच पर साउथ से आए शास्त्री पंडितों ने भव्य स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर 140 करोड़ देशवासी इस संकल्प से भर जाएं कि अब देश को आगे ले जाना है, हर एक की जिंदगी बदलनी है। तो अगले 25 साल में देश विकसित भारत बनके रहेगा। हम जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगा।

देश विकसित भारत बन जाएगा। इस वट वृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलेगी। इसके लिए संकल्प लेना होगा, मन बनाना होगा। मन बन जाएगा तो मंजिल दूर नहीं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा हम सबका बहुत बड़ा संकल्प है, जिसे हमें सिद्ध करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालू सहित तमाम गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में योजनाओं के लाभार्थी मौजूद रहे।

**खास बातें**

- बच्ची ने पीएम से कहा कि बस हमें करेला पसंद नहीं
- कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल पर जाकर उनका अवलोकन किया



### बच्ची ने सुनाई पीएम को कविता

*वाराणसी में एक बच्ची ने पीएम मोदी को कविता सुनाई तो पीएम ने खूब तारीफ की। उसके बाद प्रधानमंत्री ने बच्ची से पूछा कि तुम सारी सब्जियां खाती हो तो बच्ची ने कहा कि बस करेला पसंद नहीं है तो पीएम इस बात पर ठहाके लगाते हुए खूब हंसे। बच्ची ने पीएम की तारीफ में कविता सुनाई।*

### विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदर्शनी का किया दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के कटिंग मेमोरियल इंटर कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदर्शनी का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी ने नंदघर में बच्चों से बातचीत की। पीएम ने स्मार्ट सिटी वाराणसी की जानकारी भी ली। पीएम मोदी और सीएम योगी ने 'विकसित भारत' का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उन्होंने यहां लगाए गए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल पर जाकर उनका अवलोकन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना आदि के स्टॉल पर जाकर लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने छोटे स्कूली बच्चों से भी संवाद किया। वहीं स्मार्ट सिटी के तहत कराए जा रहे कार्यों के बारे में भी प्रधानमंत्री ने जानकारी ली। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए शपथ भी दिलाई।

## पहले पायदान पर महाराष्ट्र

# भारत की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इन्वेस्टिंग और स्टॉक मार्केट पर नजर रखने वाले प्रमुख ऑनलाइन ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ने अपनी क्रिएटिव ग्राफिक में दावा किया है। सेंसस और सीएलएसए पर आधारित ग्राफिक में जीडीपी शेयर के मामले में उत्तरप्रदेश को महाराष्ट्र के बाद दूसरा स्थान मिला है।

यूपी को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों को एक ताजा रिपोर्ट ने बल दिया है। इन्वेस्टिंग व स्टॉक मार्केट पर नजर रखने वाले प्रमुख ऑनलाइन ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ने सेंसस और सीएलएसए पर आधारित एक क्रिएटिव ग्राफिक में बताया है कि देश की जीडीपी में शेयर के मामले में यूपी, महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। सरकारी आंकड़ों में यूपी जीडीपी शेयर के मामले में तीसरे पायदान पर था। यह योगी सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि है। निश्चित तौर पर इसके बाद सीएम योगी का अगला लक्ष्य नंबर वन जीडीपी शेयर वाला राज्य बनने का होगा।

### 9.2% उत्तर प्रदेश का जीडीपी शेयर

*सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किए गए इस क्रिएटिव में उत्तर प्रदेश को जीडीपी शेयर के मामले में दूसरे स्थान पर दिखाया गया है। इसके अनुसार जहां देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7% जीडीपी शेयर के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2% जीडीपी शेयर के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश ने जीडीपी शेयर के मामले में तमिलनाडु (9.1%), गुजरात (8.2%) और पश्चिम बंगाल (7.5%) जैसे राज्यों पर बढ़त बनाई है। कर्नाटक (6.2%), राजस्थान (5.5%), आंध्र प्रदेश (4.9%) व एमपी (4.6%) जैसे राज्य यूपी से काफी पीछे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें स्थान से दूसरे स्थान पर आ चुका है। लॉ एंड ऑर्डर, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के कारण ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं जो जल्द ही धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इससे प्रदेश में लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वर्तमान में प्रदेश लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का निर्यात कर रहा है। बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 42-43 % से बढ़कर 56% हो चुका है, इसे 60% तक ले जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।*

## पेज एक का शेष

### औपचारिक मुलाकात की...

नेताओं से मुलाकात की है। जाहिर तौर पर इन मुलाकातों के दौरान मंत्रिमंडल के गठन पर विचार मंथन किए जाने की खबर है। इसके साथ ही इन राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों समेत संगठन के वरिष्ठ नेताओं को भी दिल्ली बुला लिया गया है।

### मैं महाकाल का...

नहीं रुकता है, क्योंकि अगर वह रात रुकता है तो उसकी कुर्सी चली जाती है। यादव ने यहां पर रात बिताई। जब उनसे इसके बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं भगवान महाकाल का बेटा हूं और मैं यहां रुक सकता हूं। कहा जाता है कि उज्जैन के राजा महाकाल है, इसलिए यहां पर दो राजा नहीं रह सकते। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने भी इस रीति को अपनाया था और उन्होंने उज्जैन में रात नहीं बिताई थी। मुख्यमंत्री यादव ने उज्जैन में न रुकने के पीछे की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिंधिया महाराज को अपनी राजधानी को ग्वालियर ले जाना था, इसलिए उन्होंने रणनीति बनाई ताकि कोई आक्रमण न हो। इसलिए, यह मिथक गढ़ा गया। यादव ने कहा कि महाकाल तो पूरे ब्रह्मांड के राजा हैं। अगर, उन्हें नुकसान करना ही होगा तो कहीं भी कर सकते हैं।

**कांग्रेस को दिया करारा जवाबः** यादव के उज्जैन में रुकने को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भी उन पर तंज कसा था। कांग्रेस के मीडिया विंग के प्रमुख केके मिश्रा ने कहा था कि क्या कोई सनातनी यह बताएगा कि महाकाल की नगरी उज्जैन में दो राजा कैसे रहेंगे? इसके बाद इस बात पर चर्चा शुरू हो गई थी कि क्या यादव उज्जैन में रात बिताएंगे? लेकिन, अब उन्होंने उज्जैन आकर इस मिथ को तोड़ दिया है।

### अगले पच्चीस साल...

आज जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगा। इस वट वृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलेगी। मन बन जाएगा तो मंजिल दूर नहीं। पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि ये यात्रा मेरी भी कसौटी है, मेरी भी परीक्षा है। मैं आपसे सुनना चाहता था कि काम हुआ है कि नहीं? मोदी ने वाराणसी के कटिंग मेमोरियल इंटर कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने रोड शो के दौरान सड़क से गुजर रहे एंबुलेंस को पास दिया गया। ताकि, मरीज समय से अस्पताल पहुंच सके और उसे समय से स्वास्थ्य लाभ एवं चिकित्सकीय व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु सहित तमाम गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में योजनाओं के लाभार्थी मौजूद रहे।

### बस, करेला पसंद नहीं ...

कहा कि बस करेला पसंद नहीं है तो पीएम इस बात पर ठहाके लगाते हुए खूब हंसे।

### आज भारत के पास...

पूरी नहीं कर पाते वैसे ही देश को भी पैसे चाहिए। आज भारत के पास देने की ताकत आई है।

### विस्फोटकों की...

बनाने वाली कंपनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि घटना की सूचना सुबह करीब नौ बजे मिली।

### तेज रफ्तार कार ने...

रविवार को सामने आया है। मृतक की पहचान थाटीपुर के दुल्लपुर के रहने वाले पप्पू खान के रूप में की गई है। वह एक निजी कंपनी में कर्मचारी था और वह प्रॉपर्टी का काम भी करता था। शनिवार को वह घर से झांसी रोड हाईवे पर बरौआ गांव में जमीन देखने आया था। इस दौरान एक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने के बाद वह रोड क्रॉस कर रहा था। तभी झांसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना स्थल के सामने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना कैद हो गई। पुलिस ने घटना स्थल से कार को जब्त कर लिया है। वहीं कार चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### कहा- हफ्तेभर के लिए...

हमने इसे स्वीकार कर लिया है मगर 2 शर्तें हैं। शर्तें बताते हुए विद्रोही नेता ने कहा कि असम के टॉप पुलिस ऑफिसर को पश्चिमी-दक्षिणपूर्व एशिया इलाके के युवाओं, राज्य पुलिस अधिकारियों और कांस्टेबलों को सुरक्षाकर्मी या ड्राइवर के तौर पर नहीं लगाना चाहिए। आप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल या भारतीय सेना के कर्मियों का इस्तेमाल करें। दूसरी बात यह है कि अगर आप सुरक्षा कवर के बिना रह सकते हैं तो सिर्फ एक हफ्ते के लिए गुवाहाटी में स्वतंत्र रूप से घूमकर दिखाइए।

**ये है डीजीपी से नाराजगी का कारणः** उल्फा (आई) ने जोरहाट जिले में सैन्य अड्डे के गेट के निकट गुरुवार की रात को हुए विस्फोट के साथ-साथ 22 नवंबर को तिनसुकिया और 9 दिसंबर को शिवसागर में सुरक्षा प्रतिष्ठानों के पास हुए विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने शुक्रवार को बयान में कहा कि मूल निवासियों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि हम उनके खिलाफ नहीं हैं। संगठन की मांग को राजनीतिक मुद्दा मानने के बजाय कानून व्यवस्था की समस्या के रूप में स्थापित करने के डीजीपी सिंह के प्रयास के कारण वे विस्फोट कर रहे हैं।

**मुझे निशाना बना सकते हैंःडीजीपीः** उल्फा (आई) के आरोपों के जवाब में डीजीपी ने कहा कि वे 'हमेशा मेरा जिक्र करते हैं और अगर उनके पास कोई कारण है, तो वे हमेशा मुझे निशाना बना सकते हैं। प्रदेश पुलिस प्रमुख ने कहा था कि मैं काहिलीपारा में रहता हूं और मेरा कार्यालय (डीजीपी मुख्यालय) उलुबरी (दोनों गुवाहाटी) में है। वे आ सकते हैं और मुझे निशाना बना सकते हैं।

### जॉर्डन में फंसी जानः विदेशी जमीन

मजदूरों में शामिल बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने संपर्क किया। उन्होंने बातचीत में इसका पूरा खुलासा किया है। मजदूरों का कहना है कि पहले कंपनी की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि उन्हें वेतन दे दिया जाएगा। इसी तरह उन्हें महीने दर महीने टाला जाता रहा है। बाद में जब मजदूरों ने अपने वेतन के लिए जिद पकड़ी तो कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए। मजदूरों के अनुसार वे जॉर्डन के साहेब अल तमाश इलाके में रह रहे हैं। मजदूरों के अनुसार उनकी हायरिंग दिल्ली की एक टी गारमेंट्स नाम कंपनी ने की थी। दिल्ली की इस कंपनी के माध्यम से उन्हें नियुक्त किया गया था। इसके बाद वे बीते एक साल से ज्यादा समय से वहां की दो कंपनियों असिल गारमेंट्स और हाई अप्पैरेल में काम कर रहे थे। शुरू में तो इन्हें वेतन मिल रहा था।

### चार महीने से वेतन देने में....

भारत और भारत के पड़ोसी देशों के लगभग 500 मजदूरों के यहां फंसे रहने की जानकारी मिली है। इनमें से कुछ ऐसे देश के मजदूर भी हैं जिनके साथ भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। मजदूरों का कहना है कि वे बहुत परेशान हैं। उन्हें खाना तो किसी प्रकार मिल जा रहा है लेकिन पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उन्हें टायलेट जाने और नहाने जैसी अहम जुरूरी दैनिक कार्यों के लिए भी पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।

### क्या है इकामा और जॉर्डन...

कारण है कि मजदूर स्थानीय स्तर पर उन्हें वेतन नहीं देने वाले कंपनी के खिलाफ किसी भी प्रकार की कानूनी एक्शन नहीं ले पा रहे हैं। इसके साथ ही कुछ मजूदरों का वर्क परमिट और वर्क विजा के आधार पर भी वहां काम कर रहे थे। वर्क परमिट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो यह सुनिश्चित करता है कि भारतीयों सहित विदेशी कर्मचारी देश के श्रम कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हुए जॉर्डन में काम करने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत हैं।

**भारतीय दूतावास से नहीं हो पा रही बातः** मजदूरों का दावा है कि वे भारतीय दूतावास से कई बार संपर्क कर चुके हैं। हालांकि बार बार अनुरोध किए जाने के बाद भी उनकी ओर से कोई जवाब नहीं दिया जा रहा। मजदूरों का दावा है कि पहले तो उनके फोन एंबैसी के अधिकारी उठा लिए करते थे। हालांकि पिछले कुछ दिनों से एंबैसी ने फोन उठाना भी बंद कर दिया है। ऐसे में मजूदरों का डर है कि कहीं उनके साथ किसी प्रकार की अनहोनी न हो। मजदूर बार-बार खुद को भारत वापस बुलाए जाने की अपील कर रहे हैं।

**क्या कहा है जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावास नेः** जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावास ने संपर्क किए जाने के बाद जॉर्डन एम्बैसी के फर्स्ट सेक्रेटरी ने एक संदेश में बताया कि हम इस मुद्दे से अवगत हैं।

## 29 को सोरेन सरकार के 4 साल होंगे पूरे

# सीएम सोरेन की सौगात, 7000 नौजवानों को मिलेगी नौकरी

एजेंसी ▶▶ रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 29 दिसंबर को अपनी सरकार के चार साल पूरे होने पर सात हजार युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंप सकते हैं। सीएम सोरेन ने निर्देश दिया है कि झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से ली जा चुकी परीक्षाओं का जल्द से जल्द परिणाम जारी करें।

जेएसएससी की ओर से वर्ष 2023 में पांच परीक्षाएं ली जा चुकी हैं। 690 पदों के लिए झारखंड प्रयोगशाला सहायक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा चुका है। 3120 रिक्त पदों के लिए झारखंड स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक परीक्षा का आयोजन किया गया। 1562 पदों के लिए झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त परीक्षा, 914 पदों के लिए झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा और 930 रिक्त पदों के लिए झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के लिए परीक्षा ली जा चुकी है। अंतिम परिणाम निकालने की तैयारी चल रही है।



# केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के नागरिकों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और योजनाओं का मौके पर ही लाभ देने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा से दिन-प्रतिदिन लाखों लोग जुड़ रहे हैं। मोदी की गारंटी की गाड़ी आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। मुख्यमंत्री शनिवार को देर सायं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों, जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और जिला नगर आयुक्तों के साथ हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।



बैठक में सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। उन्होंने ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु सरकार आपके द्वार की अवधारणा पर चलते हुए जनसंवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अब हमने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ा है, ताकि लोगों को केंद्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी समस्याओं व शिकायतों का समाधान भी मौके पर ही सुनिश्चित किया जा सके।

## योजनाओं को दिसंबर 2024 तक पूरा करने के निर्देश

# चार लाख परिवारों को अगले साल मिलेगा गंगाजल एमडी ने मांट के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा में अगले साल दिसंबर 2024 तक आगरा, फिरोजाबाद और मथुरा के ग्रामीण क्षेत्रों में 9.70 लाख परिवारों को गंगाजल मिलने लगेगा। इनमें आगरा के ग्रामीण क्षेत्रों को नल से जल योजना में चार लाख परिवार, मथुरा में 2.90 लाख और फिरोजाबाद में 2.80 लाख परिवारों को पानी मिलेगा। नमामि गंगे और जल निगम ग्रामीण के एमडी डॉ. बलकार सिंह ने इन योजनाओं को दिसंबर 2024 तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना से जुड़े मांट के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया।

निवार को जल निगम की योजनाओं की समीक्षा में डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि अधिकारी होमवर्क करें और फील्ड में जाकर स्थलीय निरीक्षण जरूर करें। योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने मथुरा के मांट में बैरा गांव में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। पूरी योजना की जानकारी ली। आगरा में संजय प्लेस में जल निगम की लैब में गए, जहां खामियां मिलने पर उन्होंने फटकार लगाई और सफाई के निर्देश दिए।

डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि अधिकारी होमवर्क करें और फील्ड में जाकर स्थलीय निरीक्षण जरूर करें



### 7152 करोड़ रुपए होंगे पानी पर खर्च

एमडी डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद में 9.70 लाख घरों तक नल से जल पहुंचाने की योजना में 7152 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें फिरोजाबाद में 1994 करोड़, आगरा में 2600 करोड़ और मथुरा में 2558 करोड़ की लागत से घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इससे खारे पानी से इन तीनों जिलों के लोगों को मुक्ति मिल सके।

### हर घर जल योजना में है खास

- फिरोजाबाद – 473 एमएलडी का एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 8 सीडब्ल्यूआर, 268 ओवरहेड टैंक और 280696 घरों में कनेक्शन, 5600 किमी पाइपलाइन बिछाई जाएगी।
- आगरा – 17 भूमिगत जलाशय, 407 ओवरहेड टैंक और 10241 किमी पाइपलाइन बिछाने के साथ 3,96,213 ग्रामीण परिवारों के घरों में पानी के कनेक्शन दिए जाएंगे।
- मथुरा – 214 एमएलडी का एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सात सीडब्ल्यूआर, 214 ओवरहेड टैंक के साथ 2,94,054 घरों में कनेक्शन, 5400 किमी पाइपलाइन बिछाई जाएगी।



# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style

# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।




हॉलीवुड मसाला



# स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




# द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन ज़ेलनर और डेविड ज़ेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ़ी, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज़ की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।



# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?



**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार

**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म साल 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। इसमें रश्मिका के किरदार को बहुत सराहा गया था।



## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...



**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।


## श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।



## तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।



# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

*मुंबई। जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म



अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरज़मीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

स्वागत यात्रा में सीएम डॉ. मोहन ने रथ पर सवार होकर किया उज्जैन वासियों का अभिवादन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उज्जैन पहुंचने पर स्वागत यात्रा में उमड़ा अपार जनसमूह
# समाजों, संगठनों और आम लोगों ने छतों और मंचों से सीएम पर बरसाए फूल



■ स्वागत से अभिभूत हुए मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उनके स्वागत के लिए भारी जन सैलाब उमड़ा। मुख्यमंत्री की स्वागत यात्रा दशहरा मैदान से होते हुए सुराना पैलेस होटल, कंट्रोल रूम तिराहा, वर्षा झोन कॉर्नर से फ्रीगंज गुरूद्वारा होते हुए निखार फैशन की ओर बढ़ी। शहर की विभिन्न मार्गों में लोगों ने कतारबद्ध होकर अपने प्रिय सीएम डॉ. यादव पर पुष्पों की वर्षा की।



**मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए आतुर नजर आए लोग**

*मुख्यमंत्री की यात्रा आगे शहीद पार्क सर्कल, टॉवर चौक होते हुए तीन बत्ती चौराहा पहुंची। सभी जगह विभिन्न समाजों ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। हर कोई प्रिय मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए आतुर नजर आया। जनता अपने प्रिय सीएम डॉ. यादव को अपने समीप देख आनन्द से आल्हादित हो गई। यात्रा आगे सिंधी कॉलोनी तिराहा से शास्त्री नगर, विवेकानंद कॉलोनी से लोटि स्कूल चौराहा पहुंची।*

### रथ में यह नेता थे सवार

रथ पर मुख्यमंत्री के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल मौजूद थे।

### सीएम के स्वागत के लिए शहर भर में स्वागत मंच बनाए

मुख्यमंत्री के स्वागत के बाद शहर भर में स्वागत मंच बनाए गए थे। यात्रा मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों, शहरवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया। रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब विभिन्न स्थानों से होकर गुजरे तो लोगों ने मुख्यमंत्री का उत्साह से स्वागत किया। स्वागत यात्रा आगे धन्नालाल की चाल, फ्रीगंज, चामुण्डा माता चौराहा, देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज, नईसड़क से होते हुए कंठाल चौराहा, सराफा पहुंची।

डिप्टी सीएम शुक्ल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने यात्राओं को दिखाई हरी झंडी

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को पन्ना से किया रवाना**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए है। हम गरीब का जीवन स्तर उठाने के साथ गरीब कल्याण की योजनाओं को हर वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं।

यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने शनिवार को खजुराहो संसदीय क्षेत्र में निकलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा को पन्ना से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अलग-अलग जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।

**वरिष्ठ नेता अलग-अलग जिलों में शुभारंभ कार्यक्रम में हुए शामिल**




**उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में दिखाई यात्रा को हरी झंडी**

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक छतरपुर, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा दतिया, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधायककैलाश विजयवर्गीय इंदौर, पार्टी के प्रदेश महामंत्री, प्रदेश कार्यालय प्रभारी व विधायक भगवानदास सबनानी भोपाल, सांसद सुधीर गुप्ता मंदसौर, महेन्द्र सिंह सोलंकी शाजापुर, गणेश सिंह सतना, केपी यादव अशोकनगर, गुमान सिंह डामोर झाबुआ, संध्या राय भिण्ड, शंकर लालवानी और पूर्व मंत्री व विधायक तुलसी सिलावट इंदौर, राजबहादुर सिंह सागर तथा विधायक रीति पाठक सीधी में शामिल होकर रथ को हरी झंडी दिखायी।




**वंचितों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य करेंगे सांसद-विधायक**

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि यह यात्रा शासकीय स्तर पर आयोजित की जा रही है, लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने और वंचितों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ दिलाने के लिए भाजपा के सभी सांसद, विधायक से लेकर जिला व मंडल स्तर तक के पदाधिकारी यात्रा में शामिल हों।*



**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का चौतरफा विकास**

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चौतरफा विकास हुआ है। यह यात्राएं सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय क्षेत्रों में भ्रमण करेंगी और योजनाओं का प्रचार-प्रसार जन-जन तक करेगी। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर आगे बढ़ रही है। उनकी सरकार की योजनाओं के केंद्र में आम नागरिक, नौजवान, महिलाएं, किसान होते हैं। इन्हीं योजनाओं के कारण देश में 13 करोड़ और मध्यप्रदेश में 1.39 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं।*

# वंडर-किड काया सिंह ने एथलेटिक्स में जीते दो पदक

**नई दिल्ली।** काया सिंह, एक उज्ज्वल, बहुआयामी प्रतिभा युक्त बच्ची है, जो कम उम्र में एक उत्साही एथलीट भी है। 'क्रिस्टल चिल्ड्रन सेंटर', डीएलएफ-II, गुरुग्राम, हरियाणा के वार्षिक खेल दिवस के अवसर पर आयोजित, एथलेटिक मीट में, काया सिंह ने दो पदक जीते; एक रजत व कांस्य। जिस प्रकार नन्हीं काया एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, उसी प्रकार वह अपनी पढ़ाई, वाचन व चित्रकारी में भी उत्कृष्ट है। वार्षिक कार्यक्रम के गणमान्य अतिथि, श्री पुरु सिंह, पूर्व दिल्ली रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी व युवराज सिद्धार्थ सिंह, पूर्व हरियाणा रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी, बीसीसीआई के मेधावी प्रमाणपत्र धारक, प्रकाश झा की फिल्म 'दिल दोस्ती एक्सट्रा के अभिनेता; राजीव चौधरी की 'बेईमान लव' व 'किस्मत', 'किस्मत II', 'बजरे दा सिट्टा', 'सुर्खी बिंदी', 'मोह' आदि के निर्माता थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' को अनुरूप रखते हुए, शिक्षाविदों व पाठ्येतर गतिविधियों में, विशेषकर युवा लड़कियों को प्रोत्साहित करने से भारत की 'अगली पीढ़ी' समृद्ध व प्रतिभाशाली होगी। काया सिंह को बधाई! काया सिंह, मात्र 4 वर्षीया हैं। माँ गौरी सिंह, एम.बी.ए., पूर्व इंडिया टूडे में कार्यरत थी, व स्वयं 'सुवेदा' हर्बल हेल्थ प्रोडक्ट की चेयरपर्सन हैं।




### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने गृह ग्राम ढेरा में की पूजा-अर्चना



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को रीवा ज़िले के प्रवास के दौरान गृह ग्राम ढेरा में सपत्नीक विश्वेश्वर नाथ मंदिर में अभिषेक किया। उन्होंने अपने कुलदेवी के मंदिर घरौआ पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा जिले एवं देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

## कारोबारी समूहों के कई ठिकानों पर आयकर का छापा, करोड़ों रु. मिले

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

तीन राज्यों की आयकर टीम द्वारा अनाज कारोबारी, कोल्ड स्टोरेज और ब्रोकर के ठिकानों पर चली जांच तीसरे दिन भी जारी रही।

बताया जा रहा है कि आयकर टीम ने कारोबारियों के 10 ठिकानों पर जांच की। शनिवार देर रात जांच पूरी हो गई। हालांकि अभी भी कारोबारियों के रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और दुर्ग के लगभग 38 ठिकानों पर जांच रविवार को भी जांच की गई। इन 38 ठिकानों में भी अगले दो से तीन दिन में जांच पूरी होने की उम्मीद है। मालूम हो कि गुरुवार दोपहर को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की संयुक्त रूप से 350 सदस्यीय आयकर टीम ने कोल्ड स्टोरेज, अनाज कारोबारी और ब्रोकर के ठिकानों पर दबिश दी।

**350 अफसर जांच टीम में शामिल**

*शुक्रवार को आयकर जांच में इन कारोबारियों के पास से पांच करोड़ रुपए में जब्त किए गए। इसके साथ ही 12 लॉकर भी मिले हैं। आयकर की इस कार्रवाई में 350 आयकर अफसरों के साथ ही 200 सीआरपीएफ जवान भी शामिल हैं। आयकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कारोबारियों के ठिकानों से जब्त कंप्यूटर, हार्ड डिस्क तथा लैपटॉप की जांच के लिए अहमदाबाद से फॉरेंसिंग एक्सपर्ट की टीम भी आई है।*

## छत्तीसगढ़: विधानसभा अध्यक्ष बनेंगे रमन सिंह 90 विधायकों के संरक्षण का मिलेगा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत सहित भाजपा के कई विधायक मौजूद रहे।

नामांकन दाखिल करने के बाद रमन सिंह ने कहा, आज मैंने नामांकन दाखिल किया है। मैं पक्ष और विपक्ष दोनों को धन्यवाद देता हूं। हम नई जिम्मेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे इस पवित्र सदन और पूरे छत्तीसगढ़ के 90 विधायकों के संरक्षण का दायित्व मिलने जा रहा है। मैं सभी को धन्यवाद दूंगा।



## नई सरकार में बदले जाएंगे कई योजनाओं के नाम, गोबर की खरीदी भी की जाएगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के गठन के बाद अब पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई लोक कल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलने की तैयारी की जा रही है, वहीं कई योजनाएं बंद भी होगी। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल की तस्वीरों वाले राशन कार्ड जमा कराए जा रहे हैं। खूबचंद बघेल योजना के अंतर्गत मेडिकल हेल्थ कार्ड में भी नाम के साथ फोटो बदली जाएगी। धनवंतरि योजना व स्वामी आत्मानंद स्कूल में भी नाम में फेरबदल किया जाएगा। भूपेश सरकार की जिन योजनाओं के बंद होने का खतरा है। उनमें गो-धन न्याय योजना सबसे पहले नंबर पर हैं। इसके अलावा राजीव गांधी किसान न्याय योजना भी बंद की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर पूर्ववर्ती भाजपा की रमन सिंह सरकार के समय राज्य के 15 हजार से ज्यादा अटल चौक की मरम्मत और साफ-सफाई का काम तेज किया गया है। अटल चौक गांव-गांव में बनाए गए थे।

## आ ऐती आ..., उहां का खड़े हस, मोर कोती आ... सीएम साय ने अपने बचपन के मित्र जागेश्वर राम को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

आ ऐती आ, उहां का खड़े हस, मोर कोती आ... मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बचपन के मित्र जागेश्वर राम को बुलाने के लिए कुछ इस तरह का संबोधन किया। राज्य अतिथि गृह पहुना में उनसे मिलने उनके पैतृक गांव के निकट के मित्र पहुंचे थे। जागेश्वर आम आदमी की तरह भीड़ में खड़े थे। परिचितों से मिलते वक्त जब बैरिकेड्स के उस पार खड़े व्यक्ति पर मुख्यमंत्री की नजर पड़ी, तब उन्होंने पहचाना और कहा कि यह मेरे बचपन के मित्र जागेश्वर राम हैं।



उन्होंने तत्काल आवाज दी और ठेठ छत्तीसगढ़ी भाषा से उनसे संवाद किया। बिरहोर जनजाति के लिए काम करने वाले नंगे पांव पहुंचे जागेश्वर राम इस व्यवहार से काफी प्रसन्न नजर आए। उन्होंने कहा कि बिरहोरों के आवास संबंधी जरूरत पूरा करने के लिए सबसे बड़ा दिन है। कैबिनेट ने 18 लाख आवास को मंजूरी दे दी है। इसलिए वे मुख्यमंत्री को बधाई देने आए हैं।

**हाईकोर्ट जज की कार छीनने का मामला: वरिष्ठ पत्रकारों और कानूनविदों ने बताई अपनी राय**

# स्टूडेंट्स का तरीका गलत, लेकिन पुलिस की कार्रवाई भी दोषपूर्ण

हरिभूमि चर्चा

**हरिभूमि न्यूज. भोपाल।** ग्वालियर में ट्रेन में सफर कर रहे एक यूनीवर्सिटी के कुलपति (वाइस चांसलर) की जान बचाने इमरजेंसी में एक हाईकोर्ट जज की कार के ड्राइवर से कार की चाबी छीनकर कुलपति को अस्पताल लेकर जाने वाले एबीवीपी के कार्यकर्ता (लॉ कॉलेज के छात्र) हिमांशु श्रोत्रिय और सुकृत शर्मा पर ग्वालियर पुलिस द्वारा डकैती का केस दर्ज किए जाने पर प्रदेश के आम लोग अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दोनों छात्रों ने वाइस चांसलर की जान बचाने के लिए भावावेश में आकर उनकी कार का उपयोग किया था। छात्रों का किसी प्रकार का अपराध करने का इरादा नहीं था। लूट करने का उद्देश्य से नहीं था। इधर, मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कह चुके हैं कि दोनों छात्र आपराधिक पृष्ठभूमि से नहीं हैं। ये मानवीय संवेदनाओं का मामला है। हरिभूमि ने इस मामले में वरिष्ठ पत्रकार और कानूनविदों से उनकी राय जानी तो उनका कहना था कि स्टूडेंट्स का तरीका गलत है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई भी दोषपूर्ण है।

### छात्रों ने जो किया, वह जान बचाने के लिए किया



ग्वालियर में जो घटना हुई है, उसमें छात्रों का अपराध क्षमा योग्य है। उनके द्वारा अपराध तो किया गया है, लेकिन अपराध गैरइरादतन था। वाइस चांसलर की जान बचाने उन्हें जो तरकीब समझ आई, उन्होंने उसे ही चुन लिया। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कोई वारदात नहीं की है। जो भी हुआ, वह आपातकाल की स्थिति में हुआ है। उनका इरादा कतई ही लूटपाट और गंभीर अपराध को अंजाम देना नहीं था। मेरा मानना है कि तरीका ठीक नहीं था, लेकिन उस समय यदि कोई और भी होता तो वह वाइस चांसलर या किसी की भी जान बचाने के लिए संभवत: इस तरह ही कदम उठाता।

**राममोहन चौकसे, वरिष्ठ पत्रकार**

### पुलिस को न्यायपूर्ण कार्रवाई करना चाहिए थी



दोनों छात्रों ने वाइस चांसलर की जान बचाने के लिए ड्राइवर से चाबी लेकर कार का उपयोग किया था, किसी तरह की लूट करने के उद्देश्य से नहीं। ये बात सही है कि छात्रों का तरीका गलत था, लेकिन संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस को जांच के बाद उचित और न्यायपूर्ण कार्रवाई करना चाहिए थी। पुलिस ने मामला हाईकोर्ट जज से जुड़ा होने के कारण जल्दबाजी में मामले की बगैर निष्पक्ष जांच किए छात्रों पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सेशन कोर्ट ने मामले में अनुसंधान जारी रहने और गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज होने से छात्रों की जमानत अर्जी खारिज की है। हाईकोर्ट से छात्रों को राहत मिल सकती है।

**मो. रियाजउद्दीन, एडवोकेट**

### पुलिस को कोर्ट के समक्ष खात्मा पेश करना चाहिए



यह सही है कि दोनों छात्रों ने परिस्थितियों को देखते हुए तात्कालिक कदम उठाते हुए ड्राइवर से कार की चाबी छीनकर गंभीर रुप से बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने का साहसिक कार्य किया, लेकिन विधि के अनुसार उनका यह कदम न सिर्फ अव्यवहारिक था, बल्कि विधि विरूद्व भी है। मानवीय पहलू को देखते हुए पुलिस को इस मामले में न्यायालय के समक्ष खात्मा पेश करना चाहिए। शासन के स्तर सीआरपीसी की धारा 321 के तहत प्रकरण वापस ले सकती है। पुलिस को या तो इस मामले को अनदेखा कर देना चाहिए था अथवा जमानतीय धाराओं के तहत अपराध दर्ज करना चाहिए था।

**संजय गुप्ता, अधिवक्ता**

### लोग सहायता करने के लिए आगे आने से कतराएंगे



यह पूरा घटनाक्रम परिस्थितियों के अनुसार हुआ और छात्रों द्वारा जानबूझकर नहीं किया गया। मानवता के नाते बीमार कुलपति की जान बचाने के लिए छात्रों ने कार का उपयोग किया, उसके साथ किसी तरह की लूट करने के उद्देश्य से नहीं था। इस मामले में छात्रों को जमानत मिल जानी चाहिए, क्योंकि किसी अपराध के उद्देश्य से वाहन नहीं लिया, बल्कि किसी की जान बचाने के लिए यह कदम उठाया है। ऐसे में छात्रों को माफ किया जा सकता है, अन्यथा इसका गलत संदेश जाएगा। ऐसे में लोग किसी जरूरतमंद की सहायता करने के लिए आगे आने से भी कतराएंगे।

**मनोहर पाठक, अध्यक्ष, नोटरी संघ भोपाल**

चिंतन

# सोशल मीडिया की 'लत' से बिगड़ रहा मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज अधिकांश लोगों के जीवन का अहम हिस्सा है। भारतीय औसतन ढाई घंटे प्रतिदिन सोशल मीडिया पर अपना वक्त बिताते हैं। देश में करीब 47 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया का यूज करते हैं। देश में प्रति सेकेंड 6.9 नए यूजर जुड़ रहे हैं, इस हिसाब से सालाना 4.5 फीसदी यूजर बढ़ रहे हैं। इन आंकड़ों से सोशल मीडिया का महत्व समझा जा सकता है। न्यूज, एंटरटेनमेंट से लेकर व्यूज और नॉलेज तक सब कुछ सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। इसके फायदे बहुत हैं, आसान पहुंच है, तेजी से प्रसार है, किफायती है, कोई बैरियर नहीं है, रेडिमेड तकनीक है, हर कोई अपना विचार प्रकट कर सकता है, यूजर फ्रेंडली है, निरक्षर भी इसका प्रयोग कर सकता है। अभिव्यक्ति का सबसे सुलभ प्लेटफॉर्म है। दुनिया भर के लोगों से जुड़ने का साधन है और इसने विश्व में संचार को नया आयाम दिया है। यह व्यवसाय में सहायक है। इस पर नए रोजगार भी पैदा हुए हैं। जागरूकता फैलाने का बढ़िया प्लेटफॉर्म है और सूचना के प्रसार का भी तेज तंत्र है और इसलिए लोग इस पर निर्भर होकर इसके आदी होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अधिक वक्त बिताने के चलते मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। जर्मनी में रुर यूनिवर्सिटी, बोचम और जर्मन सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ के अनुसंधानकर्ताओं ने सोशल मीडिया एडिक्शन का मानसिक स्वास्थ्य पर असर पर अपने एक अध्ययन में कहा है कि दिमाग को दुरुस्त रखना है तो सोशल मीडिया से दूर रहें या कम वक्त बिताएं। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग 30 मिनट तक कम करके मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के साथ ही काम के प्रति संतुष्टि की भावना में सुधार लाने में मदद मिलती है, जबकि इसका लगातार उपयोग करने वाले लोगों को अपने काम पर ध्यान लगाने में मुश्किल होती है। सोशल मीडिया का कम इस्तेमाल करने से उपयोगकर्ताओं को काम का दबाव कम महसूस होता है और उनमें बेचैनी या घबराहट भी कम होती है। सोशल मीडिया से दूरी बनाने से ध्यान भटकने की समस्या भी कम होती है। देखा गया है कि लोग बिना किसी काम के सोशल मीडिया पर आधे घंटे से एक घंटे का वक्त बर्बाद करते हैं। सोशल मीडिया की लत लगने से इसके फायदे से अधिक नुकसान होने लगता है। इससे पहले भी कई शोध में पाया गया है कि सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और डिप्रेशन की ओर ले जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य तरह की धोखाधड़ी के शिकार भी लोग बनने लगते हैं। सोशल मीडिया पर गोपनीयता की कमी होती है। निजी डेटा चोरी होने का खतरा रहता है। साइबर अपराधों जैसे- हैकिंग और फिशिंग आदि का खतरा भी बढ़ जाता है। फ्रॉड ऐसे सोशल मीडिया यूजर की तलाश करते हैं जिन्हें आसानी से फंसाया जा सकता है। सोशल मीडिया साइबर-बुलिंग को बढ़ावा देता है। यह फेक न्यूज़ और हेट स्पीच फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाओं का प्रसार कुछ प्रमुख उभरते जोखिमों में से एक है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर रहा है। इसलिए हमें सोशल मीडिया के कम से कम प्रयोग की आदत बनानी चाहिए और जितना संभव हो इससे दूर रहना चाहिए।

# उम्मीदों और चुनौतियों के बीच नई सरकार



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा जताते हुए सत्ता की कमान विष्णुदेव साय के हाथों सौंप दी है। 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे' की गारंटी देने वाले भाजपा के हाथों अब तीन करोड़ से ज्यादा आबादी वाले राज्य की दशा और दिशा तय करने की जवाबदेही होगी। अलबत्ता हालिया विधानसभा चुनाव के परिणाम कई मायनों में बेहद चौंकाने वाले रहे हैं। मसलन इस चुनाव में देश के राजनीतिज्ञों, राजनीतिक विश्लेषकों और पत्रकारों के तमाम कयासों को झुठलाते हुए किसानों, मजदूरों,महिलाओं और युवाओं सहित आदिवासियों ने भाजपा के पक्ष में जमकर मतदान किया जिसकी उम्मीद कांग्रेस सहित भाजपा को भी नहीं थी। परिणाम के बाद दूसरा चौंकाने वाला फैसला भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव में परिलक्षित हुआ जिसमें पार्टी हाईकमान ने अनेक वरिष्ठों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए मुख्यमंत्री की कुर्सी अभी पार्टी के वरिष्ठ और प्रतिबद्ध आदिवासी नेता विष्णुदेव साय के हाथों सौंप दी। भाजपा ने ऐसा ही फैसला मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी किया जिसने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ ही बतौर उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा की ताजपोशी की गई है।

प्रदेश में ओबीसी समुदायों में सबसे मजबूत संगठन वाले साहू समाज से ताल्लुक रखने वाले अरूण साव जहां आरएसएस की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की उपज हैं वहीं ब्राह्मण समाज के विजय शर्मा की पहचान फायरब्रांड हिंदू नेता की है जिन्होंने भूपेश बघेल सरकार के कद्दावर मंत्री मो.अकबर को चुनाव में पटखनी दी है। बहरहाल हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में पार्टी द्वारा तय मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के नामों पर नजर डालें तो भाजपा ने जातिगत समीकरण का एक नया मॉडल पेश किया है जिसमें सबको साधने की कोशिश की गई है। भाजपा ने अब तक राजनीतिक छलावे का शिकार होते रहे आदिवासियों के हाथों सत्ता सौंप कर कथनी और करनी के भेद को मिटा दिया है। शीर्ष पदों पर पार्टी के पसंद पर नजर डालें तो इसमें आदिवासी, दलित सहित ओबीसी के साथ राजनीतिक तौर पर अछूत समझे जाने वाले ब्राह्मण वर्ग को भी साधने का प्रयास किया गया है।अलबत्ता चुनाव परिणामों और भाजपा के फैसले ने कांग्रेस की अगुवाई वाले 'इंडिया गठबंधन' के मंडल -2 सियासत की हवा निकाल दी। गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस चुनाव में जाति जनगणना को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया था लेकिन ओबीसी समुदाय पर इस मुद्दे का कम ही असर पड़ा।

भाजपा के घोषणा पत्र पर गौर करें तो यह किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं में काफी उम्मीद जगाता है। राजनीतिक पंडितों की मानें तो चुनाव में भाजपा के पक्ष में बाजी पलटने में प्रमुख भूमिका किसानों, महिलाओं और युवाओं की रही है। भाजपा के घोषणा पत्र पर गौर करें तो इसमें किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए की दर पर खरीदने व एकमुश्त भुगतान और दो साल के बकाया धान के बोनस का एकमुश्त भुगतान के वादे से किसान काफी आशान्वित हैं। इसी प्रकार तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4500 रुपए बोनस, भूमिहीन कृषि मजदूरों को हर साल 10 हजार आर्थिक सहायता तथा 18 लाख प्रधानमंत्री आवास जैसे वादे गरीबों को राहत पहुंचाएंगे।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पुरूषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है लिहाजा भाजपा ने इस निर्णायक वोट बैंक की गारंटी हासिल करने के लिए जहां महतारी वंदन योजना के तहत हर विवाहित महिला को हर साल 12,000 रुपए तथा 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। अलबत्ता चुनाव परिणाम के लिहाज से महिलाओं, किसानों और मजदूरों द्वारा कुछ रुपयों के रेवड़ी के बदले वोट करने संबंधी राय कायम करना उचित नहीं होगा क्योंकि मतदाताओं ने पार्टी के नीतियों, पिछली सरकार के परफार्मेंस और प्रत्याशियों के छबि को भी परख कर वोट किया है।

राज्य में 18 से 25 साल के युवा मतदाताओं की अच्छी खासी तादाद है और सभी राजनीतिक दल युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए चुनाव से पहले ही तमाम जतन कर रहे थे। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जहां एक लाख खाली पदों पर अगले दो साल में भर्ती और उद्योग लगाने के लिए कर्ज में 50 फीसदी सब्सिडी देने की गारंटी दी है। बिनाशक किसी भी सरकार के लिए सभी युवाओं को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है लिहाजा छत्तीसगढ़ में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कर्ज पर पचास फीसदी सब्सिडी जैसे वादे उत्साहजनक है बशर्ते इस योजना के क्रियान्वयन में लालफीताशाही रोड़ा न बने। राज्य के युवा भर्ती परीक्षाओं में व्याप्त भाई -भतीजावाद, लेटलतीफी और घोटालों से आक्रोशित रहे हैं। पिछली सरकार के दौरान कथित पीएससी घोटाले ने मेहनती और प्रतिभावान युवाओं को काफी हताश किया था उनके इस हताशा और आक्रोश को भाजपा ने चुनाव में जमकर भुनाया भी है।

छत्तीसगढ़ की जनता नई सरकार से भ्रष्टाचार मुक्त और संवेदनशील प्रशासन की अपेक्षा रखती है वहीं राज्य में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को सुधारना भी अहम चुनौती है। प्रदेश में नक्सलवाद की समस्या अभी भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है, इस चुनाव के दौरान अनेक भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौत नक्सली हिंसा में हुई है।

राज्य में बढ़ती शराबखोरी एक प्रमुख सामाजिक बुराई है जिसमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं वहीं अपराध के मामलों में भी इजाफा हो रहा है। शराबखोरी और सट्टेबाजी के नाम पर भाजपा पिछली कांग्रेस सरकार को लगातार घेरती रही है लिहाजा नए सरकार के लिए बढ़ती नशाखोरी, सट्टेबाजी और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना हिमालयी चुनौती होगी। उल्लेखनीय है कि सरकार के योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन सरकारी अमले के ही जिम्मे होता है और चुनावों में सत्ता के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर का एक प्रमुख कारण सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली ही होती है। प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को भी नए निज़ाम से काफी अपेक्षाएं हैं पिछले सरकार के दौरान कर्मचारियों के अनेक आंदोलनों को भाजपा नेताओं ने खुलकर समर्थन दिया था लिहाजा इन कर्मचारी संगठनों को उनके मांगों और समस्याओं के निराकरण की उम्मीद जगी है। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेती करने वालों के अलावा बागवानी, साग-सब्जी उत्पादन और डेयरी व मत्स्य पालन जैसे कृषि सहायक व्यवसाय से भी जुड़े लोगों को भी उम्मीद है कि उनके भी अच्छे दिन आएंगे।

बहरहाल ' सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ' ध्येय वाक्य के साथ विष्णुदेव सरकार ने अपने पहली कैबिनेट बैठक में मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर ली है। कैबिनेट की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के लंबित निर्माण को पूरा करने की स्वीकृति दे दी गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आगामी 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की जन्मदिन 'सुशासन दिवस' अवसर पर किसानों को 2 साल के बकाया बोनस भुगतान करने की घोषणा किया है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाली भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती वादों को पूरा करने के लिए आर्थिक संसाधन जुटाने की होगी। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ना अवश्यंभावी है। सरकार को गारंटी को पूरा करने के लिए या तो वित्तीय संस्थाओं से कर्ज लेना पड़ेगा अथवा आम आदमी के टैक्स में बढ़ोतरी करना होगा या विकास योजनाओं पर कैंची चलाना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ सरकार पर 89 हजार करोड़ का कर्ज है जिस पर सालाना 6 हजार करोड़ रुपए बतौर ब्याज अदा करना पड़ रहा है। अर्थ जगत से जुड़े लोगों की मानें तो चुनावी घोषणाओं को पूरा करने के लिए सरकार को लगभग 65 से 70 हजार करोड़ रुपयों की दरकार होगी। संकल्प पत्र के घोषणा के मुताबिक धान खरीदी में 45 हजार करोड़ रुपए व्यय होगा। इसी प्रकार किसानों के बकाया बोनस भुगतान में 5000 करोड़ रुपए, भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के लिए 570 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे।

आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक सरकार को अपने बजट का एक तिहाई हिस्सा चुनावी वादों को पूरा करने में खर्च करना होगा जिसका असर सरकारी खजाने के साथ ही विकास योजनाओं पर भी पड़ सकता है। गौरतलब है कि इस चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा विकास भी था। अब देखना यह होगा कि सरकार और नीति नियंता इसके लिए कौन सा रास्ता अख्तियार करते हैं? बहरहाल नये सरकार से पूरे प्रदेशवासियों को काफी उम्मीदें हैं लेकिन सरकार के सामने इन उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौतियां भी हैं। बहरहाल यह कहा जा सकता है कि सरकार की राह पथरीली जरूर है लेकिन दुश्वार नहीं।

बदलाव
गीता यादव



# श्मशान में पुरुषवादी रूढ़ियों को तोड़ती बेटियां

महिलाएं अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार नहीं कर सकतीं, इसके पीछे कई तर्क हैं। एक तर्क यह भी है कि उनका तन-मन कोमल और कमजोर है। अंत्येष्टि की क्रियाओं का मन पर बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन कई घटनाएं इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी काम को पूर्ण करने के लिए संवेदनाओं का होना जरूरी है। करीब 22 साल पुरानी घटना है। वृंदावन में अमारबाड़ी आश्रम है। यहां की एक विधवा सप्तदल ने होली के दिन प्राण त्यागे। चौकीदार त्योहार मनाने गया था। आश्रम की 60 से 105 साल तक की 65 विधवाओं के बीच एक भी मर्द मौजूद नहीं था। 105 साल की लखीदासी ने कहा कि रोना-धोना छोड़ो,चौकीदार कब लौटेगा क्या भरोसा। आगे की सोचो। मौके की नजाकत देखते हुए चंद अपाहिज, लाचार बूढ़ियां आश्रम से निकलकर द्वार-द्वार की याचिका बन गईं। किसी ने दरवाजा खोला, किसी ने अंदर से घुड़क दिया। एक द्वार पर लड़की गीता ने द्वार खोला। उसके पिता ने मृतका की जाति पूछी। चुप्पी पर बोला, जात नहीं पता तो दूसरा दरवाजा देखो माई, यह कुलीन ब्राह्मण का घर है। अज्ञात कुल-गोत्र की विधवा के दाह-संस्कार की याचना को सभी वर्णों ने बड़ी निर्ममता से नकार दिया था। गीता का मन संवेदना से भर गया। उसने अपने भाई से मदद मांगी, उसने मना कर दिया। गीता इंटर की छात्रा थी। उसने पड़ोस में रहने वाली दो सहेलियों अनसूया और दीपा को तैयार किया। मां से बहाना बनाकर कुछ पैसे लिए और तीनों आश्रम की ओर चल पड़ीं। तीन किशोरियां और शेष बूढ़ियां। काम भी ऐसा, जिसे करने की कल्पना तक नहीं की थी। अनाड़ी हाथों से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। तीनों किशोरियों के साथ शव को चौथा कंधा दिया लखीदासी ने। झुकी कमर और निस्तेज नजर वाली वे दीन-हीन विधवाएं पीछे चल पड़ीं। श्मशान दूर था। हर दस कदम बाद कंधे बदलने पड़े पर हौसला नहीं टूटा। यह सिर्फ शवयात्रा नहीं थी, अल्ट्रासाउंड के बाद मादा भ्रूण को गर्भ में ही नष्ट करा देने की साजिश से लेकर औरत को चिता पर यह अंगारे न दे सकने की पुरुष वर्ग की खुदगर्जी और संवेदनहीनता के खिलाफ स्त्रियों का एकजुट जातीय प्रदर्शन था। उन सभी को उस वक्त ऐसा ही लगा था। लड़कियों ने शवदाह के लिए लकड़ियां खरीदीं, सबने चिता सजाई। लखीदासी ने मुखाग्नि दी। वह दोनों हाथ जोड़ चीख पड़ी, सप्तदल तेरी सौगंध आज से कोई औरत अंतिम संस्कार के लिए किसी मर्द की मोहताज नहीं होगी। बड़े आदमी जो काम नहीं कर पाए, वो बच्चियों ने कर दिखाया। समाज को नई दिशा दिखाने का काम किया, क्योंकि उनमें संवेदनाएं थीं। इनकी बदौलत हर काम संभव है, क्या नारी और क्या पुरुष। किसी भी इंसान के जीवन-मरण संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लेख 18 पुराणों में से एक गरुड़ पुराण में मिलता है। यह एक प्राचीन हिंदू शास्त्र है, जो वेदों की परंपरा का ही हिस्सा है। हालांकि इस ग्रंथ में महिलाओं और दाह संस्कार जैसी किसी व्यवस्था का जिक्र नहीं है। महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार न किए जाने के पीछे तर्क यह दिया जाता है कि श्मशान घाट पर हमेशा नकारात्मक ऊर्जा फैली होती है। यह उनके शरीर में प्रवेश कर सकती है। अंतिम संस्कार के दौरान शव के कपाल को तोड़ा जाता है, इसके लिए मजबूत शरीर और मन चाहिए। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अंतिम संस्कार में परिवार के सदस्यों को बाल कटवाने पड़ते हैं और शव के जलते समय वातावरण में कीटाणु फैल जाते हैं। यह शरीर के कोमल हिस्सों में चिपक जाते हैं, इसलिए बाल कटवाने के बाद स्नान किया जाता है। महिलाओं के मुंडन को शुभ नहीं माना जाता। प्रख्यात ज्योतिषी पंडित प्रवीण उपाध्याय के मुताबिक, महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार किया जाना पूरी तरह उचित है। किसी के मोक्ष प्राप्ति में भागीदार बनना पुण्य का काम है। अगर किसी के परिवार में पुरुष नहीं है तो महिलाएं अंतिम संस्कार कर सकती हैं। महिलाओं को मुंडन करवाने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि शंकराचार्य और धर्म शास्त्र इस प्रक्रिया को शास्त्र के अनुरूप नहीं मानते। बीते डेढ़ दशकों में इस व्यवस्था को चुनौती देने, व्यावहारिक बनाने वाले दर्जनों उदाहरण इसी परंपरागत व्यवस्था में सामने आए हैं। पहले पिता की मौत के बाद पुत्र नहीं होने पर किसी रिश्तेदार के सिर पर पगड़ी बांधी जाती थी, लेकिन अब परंपराएं बदलाव के दौर में हैं। बदलते परिदृश्य में इस प्रथा पर किसी तरह का बंधन नहीं होना चाहिए। अच्छी परंपराओं को बनाए रखना भी हमारा कर्म है और खराब प्रथा और रूढ़ियां जो निरर्थक हैं, उन्हें तोड़ना भी जरूरी है। अब समय आ गया है कि हम बेटियों को यह विश्वास दिलाना बंद करें कि वे अपने माता-पिता के मोक्ष में बाधा बन सकती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।' *-स्वामी चिदानन्द गिरि*

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नए चेहरों को सीएम बनाने के मायने**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को लेकर जो समय लिया और इसमें उन नामों को शामिल किया जिनका जिक्र मीडिया में नाममात्र का रहा, यह भाजपा के लिए नया काम नहीं है, बल्कि ऐसा कुछ समय पहले वर्ष 2017 में उस समय भी हुआ था जब हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रेम कुमार धूमल हार गए थे। तब भाजपा मुख्यमंत्री पद के लिए जयराम ठाकुर को सामने लाई थी, जबकि वह हिमाचल के लिए भाजपा का कोई खास चेहरा नहीं थे। मुख्यमंत्री चाहे कोई भी और किसी भी पार्टी का क्यों न हो, उसकी डोर तो पार्टी हाईकमान के पास ही होती है। इन तीन राज्यों में मुख्यमंत्री के नए चेहरे हैं, लेकिन काम तो वे पार्टी के विचार-विमर्श से ही करेंगे।

*- संतोष साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# राम मंदिर के जश्न में अमेरिका में कार रैली



हिंदू अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में अगले साल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वॉशिंगटन के एक उपनगर में शनिवार को कार रैली का आयोजन किया। आयोजकों ने बताया कि शनिवार दोपहर समुदाय के लोग 'फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड' के पास 'अयोध्या वे' में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में एकत्र हुए और इस रैली के साथ ही भारत में राम मंदिर के निर्माण की खुशी में महीने भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। 'विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी' इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा, 'हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जा रहा है और हम इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित कर रहे हैं। उत्सव में राम लीला आयोजित की जाएगी, श्री राम की कथाएं सुनाई जाएंगी, श्री राम की पूजा की जाएगी, भगवान श्री राम एवं उनके परिवार के लिए भजन गाए जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके।'

## ऑफ बीट

# स्टेम कोशिका विज्ञान हमारे प्रजनन को बदल सकता है



'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' (आईवीजी) नामक तकनीक का उपयोग करके मानव त्वचा कोशिकाओं का अंडाणु और शुक्राणु बनाने में सक्षम होना जल्द ही संभव हो सकता है। इसमें मानव शरीर के बाहर (इन विट्रो) अंडाणु और शुक्राणु की उत्पत्ति शामिल है। आईवीजी एक ऐसी तकनीक है जिससे डॉक्टरों को आपके शरीर से ली गयी किसी भी कोशिका से प्रजनन कोशिकाएं बनाने में मदद मिलेगी। इससे समलैंगिक जोड़ों को बच्चा पैदा करने में मदद मिल सकती है। सैद्धांतिक रूप से एक पुरुष की त्वचा कोशिका को अंडाणु और एक महिला की त्वचा कोशिका को एक शुक्राणु में बदला जा सकता है। इससे किसी बच्चे के आनुवंशिक रूप से कई माता-पिता होने या केवल एक के होने की संभावना है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आईवीजी का मानव अनुप्रयोग अभी बहुत दूर है। बहरहाल, मानव स्टेम कोशिकाओं पर काम कर रहे वैज्ञानिक इन अवरोधों से पार पाने को लेकर सक्रियता से काम कर रहे हैं। यहां हम 'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' के मानव पहलू के बारे में जानते हैं और क्यों हमें अब इसके बारे में बात करने की जरूरत है। इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस (युग्मक जनन) 'प्लुरिपोटेंट स्टेम कोशिकाओं'' से शुरू होता है।

## ट्रेंड

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, काशी तमिल संगमम भारत की सभ्यतागत एकता के उत्सव में बदल गया। इसने काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को खोजा, लोगों के बीच दूरियां कम कीं। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाया।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### अर्थव्यवस्था को बढ़ाएंगे



जब कांग्रेस के रिपब्लिकन अमीर और बड़े निगमों के लिए लड़ते हैं, मेहनती परिवारों को कीमत चुकाने के लिए छोड़ देते हैं, मैं लागत कम करने और एक मजबूत मध्यम वर्ग के साथ हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए लड़ता रहूंगा।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### बेरोज़गारी सबसे बड़ा मुद्दा



नौकरियां कहां हैं? युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है, युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे का कारण है देश का सबसे बड़ा मुद्दा -बेरोज़गारी!

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक



भारत ने अपना स्वदेशी, स्टील्थ, स्वायत्त फ्लाइंग विंग शिल्प विकसित किया है। बहुत बढ़िया। रक्षा का भविष्य मानवरहित वाहनों में है और इससे पता चलता है कि हम पीछे नहीं रहने वाले हैं। और क्या खूबसूरती है. उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक भी है!

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

फिर होगी तकरार!

# पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप... कांग्रेस की धड़कन बढ़ी

## सीएम केजरीवाल की इस हुंकार ने बढ़ाई इंडिया गठबंधन की टेंशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन की अगली बैठक से ठीक पहले आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के एक ऐलान ने विपक्षी दलों की टेंशन बढ़ा दी है। बठिंडा में एक रैली के दौरान अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर दी है। उन्होंने अपील जरूर पंजाब की जनता से की है, लेकिन सीधा संदेश कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को दिया गया है। माना जा रहा है कि इस वजह से एक बार फिर कांग्रेस और आप के बीच में तकरार बढ़ सकती है।

### विस चुनाव की तरह लड़ने की तैयारी

पंजाब से लोकसभा की 13 सीटें निकलती हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच में इस राज्य में सीधी टक्कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ही इस राज्य में कांग्रेस का सूपड़ा साफ करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाई थी। अब इसी दम पर पार्टी सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जो कांग्रेस को स्वीकार नहीं। बड़ी बात ये है कि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक से ठीक पहले केजरीवाल ने ये बयान देकर पेंच को गहरा कर दिया है।



### कांग्रेस ने 10 की चीजें 100 में बेची

केजरीवाल ने तो पंजाब की धरती से एक बार फिर कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि इन लोगों ने इतना करप्शन किया कि 10 की चीजें 100 में बेची। लेकिन आज 10 रुपए की चीज 8 में मिलती है। बिजली का बिल शून्य हो चुका है। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में कांग्रेस पर निशाना साधा हो, इससे पहले भी ऐसे आरोप-प्रत्यारोप लग चुके हैं।

### दिल्ली में भी कांग्रेस को सीटें नहीं देगी

अब पंजाब में तो आम आदमी पार्टी के ऐलान ने कांग्रेस की टेंशन बढ़ाई ही है, दिल्ली में भी पार्टी, कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं है। वहां तो कांग्रेल भी सातों सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर चुकी है। ऐसे में दोनों दिल्ली और पंजाब में चल रही तकरार इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ा रही है।

### आईएनडीआईए की योजना तैयार, कल होगी बैठक



हार की पृष्ठभूमि लिए कांग्रेस की मेजबानी में 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के रणनीतिकारों का दिल्ली में जमावड़ा होगा। इस बैठक में कई राज्यों के सीएम के आने पर लगे ग्रहण के कारण कांग्रेस को बैठक की तारीख बढ़ानी पड़ी थी। इस बार लगभग सभी दलों के रणनीतिकारों की इस बैठक के प्रति मिली सहमति के बाद यह कहा जाने लगा है कि भाजपा के विरुद्ध एक मजबूत गठबंधन का आगाज इस बार हो जाएगा।

### 21 को सीडब्ल्यूसी की मीटिंग चुनाव में हार पर चर्चा संभव

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मिली करारी



शिकस्त के बाद अब कांग्रेस लोकसभा चुनाव पर फोकस कर रही है। दिल्ली में 21 दिसंबर को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होगी।अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में बुलाई गई है।

---

## खबर संक्षेप

### 3 साल की बच्ची संग हैवानियत की हद पार

**राजकोट।** गुजरात पुलिस ने राजकोट में तीन साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार



करने के आरोप में शनिवार देर रात एक 45 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले आरोपी के 6बच्चे हैं और वह कटलरी की दुकान चलाता है। वह अकेला यहां रह रहा है। उसने बच्ची को स्नैक्स देने के बहाने बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया।

### प्रिया केस में बॉयफ्रेंड समेत 3 गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर प्रिया सिंह को गाड़ी से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने



बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की थी जिसने कार्रवाई करते हुए पीडब्ल्यूडी के एमडी के बेटे अश्वजीत गायकवाड़ को गिरफ्तार कर लिया है। सिके साथा उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया है।

### पुलिस-बंबीहा में मुठभेड़ तीन बदमाश धरे गए

**मोगा।** पंजाब पुलिस की ओर से गैंगस्टरों के खिलाफ धड़ाधड़ एक्शन जारी है। लगातार दूसरे दिन



पुलिस और गैंगस्टरों में मुठभेड़ हुई है। मोगा में पुलिस-बंबीहा गैंग के बीच एनकाउंटर हुआ। बदनी कलां के पास पुलिस की सीआईए टीम और बंबीहा गैंग के बदमाशों के बीच गोलियां चलीं। इस दौरान 3 बदमाश काबू कर लिए गए।

### कपलिंग खुलने से 2 हिस्सों में बंटी मालगाड़ी

**शाहजहांपुर।** रोजा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रविवार सुबह मालगाड़ी को हिस्सों में बंट



गई। मालगाड़ी मुरादाबाद से सुल्तानपुर जा रही थी। ट्रेन सुबह 8.10 बजे रोजा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर आकर खड़ी हुई। पायलट ने ट्रेन को जैसे ही आगे बढ़ाया कुछ दूर चलकर मालगाड़ी की कपलिंग खुल गई।

---

## पीएम ने किया दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन

# अंतरराष्ट्रीय हीरे, आभूषण व्यवसायों के लिए दुनिया का सबसे आधुनिक केंद्र होगा

**67** लाख वर्ग फीट में फैले यह ऑफिस कॉम्प्लेक्स अमेरिका के पेंटागन से भी बड़ा



एजेंसी ▶▶ सूरत

पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय सूरत दौरे पर रविवार को दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। 67 लाख वर्ग फीट में फैले यह ऑफिस कॉम्प्लेक्स अमेरिका के पेंटागन से भी बड़ा है। इसके साथ ही नए एयरपोर्ट टर्मिनल का भी उद्घाटन किया। यह कॉम्प्लेक्स अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण व्यवसायों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र होगा।

यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार के लिए एक वैश्विक केंद्र होगा। इसमें आयात-निर्यात के लिए एक अत्याधुनिक 'सीमा शुल्क क्लीयरेंस हाउस' भी शामिल होगा। खुदरा आभूषण व्यवसायों के लिए एक आभूषण मॉल और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और सुरक्षित वॉल्ट के लिए एक सुविधा होगी। इस दौरान के गुजरात मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, सूरत के डायमंड चेयरमैन बल्लभ भाई लाखड़ी भी मौजूद रहे।

### रोड शो भी किया

इस दौरान पीएम मोदी से मिलने के लिए भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। तीन राज्यों में भारी बहुमत से जीत हासिल करने के बाद पहली बार पीएम मोदी ने गुजरात दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी की एक झलक के लिए जनसैलाब उमड़ गया है।

### लोगों को दी बधाई

पीएम मोदी उद्घाटन के बाद जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सूरत दुनिया के टॉप 10 विकासशील शहरों में है। सूरत का स्ट्रीट फूड, कौशल विकास का काम, सब कुछ अद्भुत है। सूरत को कभी 'सन सिटी' के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज यहां के लोग, अपनी मेहनत से इसे 'हीरा नगरी' बना दिया है आज सूरत के लोगों को, यहां के व्यापारियों-कारोबारियों को दो और सौगातें मिल रही हैं।

### इससे करीब डेढ लाख रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

सूरत डायमंड बोर्स दुनिया की सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स है, जिसमें 4,500 से अधिक हीरा व्यापार कार्यालय हैं। यहां कच्चे हीरे के व्यापार से लेकर पॉलिश हीरे की बिक्री करने वाली कई कंपनियों का ऑफिस होगा।सूरत डायमंड बोर्स से लगभग 1.5 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस बिल्डिंग में कनेक्टिविटी के लिए अत्याधुनिक सुविधा दी गई हैं। यहां 4000 से ज्यादा कैमरे और अत्याधुनिक कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग की कीमत लगभग 3000 करोड़ है।

### सूरत एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को किया समर्पित

## सूरत एयरपोर्ट सुविधाओं से युक्त अत्याधुनिक बनेगा



*शुक्रवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूरत एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की मंजूरी दी है। सूरत को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की मांग पिछले 3 साल से चल रही थी।*

### टर्मिनल में संस्कृति और विरासत की झलक

टर्मिनल भवन सूरत शहर का प्रवेश द्वार है, इसलिए इसे स्थानीय संस्कृति और विरासत के साथ डिजाइन किया गया है। टर्मिनल भवन के मुखौटे का उद्देश्य सूरत शहर के 'रांदेर' क्षेत्र के पुराने घरों की समृद्ध और पारंपरिक लकड़ी के काम के साथ यात्री अनुभव को समृद्ध करना है। एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन डबल-इंसुलेटेड छत प्रणाली, ऊर्जा बचत के लिए कैनोपी, कम गर्मी प्राप्त करने वाली डबल-ग्लेजिंग इकाई, वर्षा संचयन प्लांट, जल उपचार प्लांट है।

### 1800 यात्रियों को संभालने की क्षमता

टर्मिनल विस्तार प्रोजेक्ट में टर्मिनल बिल्डिंग और एप्रन का विस्तार व टैक्सी ट्रैक का निर्माण शामिल है। अब यात्रियों को 20 चेक इन काउंटर, 5 एरोब्रिज, 13 इमिग्रेशन काउंटर की सुविधाएं भी मिलेंगी। मौजूदा टर्मिनल इमारत 8474 वर्गमीटर में थी। विस्तार के बाद यह 25520 वर्गमीटर की हो गई है। 1800 यात्रियों को संभालने में सक्षम है।

### कई देशों को डायरेक्ट फ्लाइट से जोड़ने की कवायद

सूरत एयरपोर्ट की क्षमता दोगुना बढ़ जाएगी। ऐसे में यहां से दुबई, बैंकॉक, मलेशिया और सिंगापुर को डायरेक्ट फ्लाइट से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। डायरेक्ट फ्लाइट के अलावा कई देश सिंगल पीएनआर कनेक्टेड फ्लाइट से भी जुड़ सकते हैं।

---

### संसद की सुरक्षा में चूक मामला

# पुलिस को राजस्थान से मिले कुछ जले हुए फोन के पार्ट्स

- हिरासत में लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही



एजेंसी ▶▶ जयपुर

बीते दिनों लोकसभा से सुरक्षा में चूक की खबरे आई थीं। शून्यकाल के दौरान विजिटर गैलरी से दो व्यक्ति सदन में कूद गए थे। ये प्रदर्शनकारी स्पीकर की कुर्सी तक जाने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच कुछ सांसदों ने इन्हें पकड़ लिया। उनकी पिटाई की और बाद में सुरक्षाबलों को सौंप दिया। अब इस मामले में जांच के दौरान राजस्थान से कुछ जले हुए फोन पार्ट्स को बरामद किया गया है।

सभी आरोपियों के फोन के पार्ट्स राजस्थान से बरामद कर लिए गए हैं। सभी फोन जली हुई हालत में मिले हैं। सभी आरोपियों के फोन ललित झा के पास थे। इन सभी मोबाइल फोन को गायब करने में महेश और कैलाश ने अहम भूमिका निभाई थी। दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने कुचामन पहुंचकर फोन बरामद कर लिए हैं।

### ललित के बंगाली दोस्त ने खोले कई राज

संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में हर रोज कुछ न कुछ चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी कड़ी में एक नई जानकारी सामने आई है। ललित ने इस घटना का एक वीडियो अपने दोस्त को भेजा था। इसके बाद उसने इसे सोशल मीडिया पर सर्कुलेट करने के लिए भी कहा था। इस दौरान उसने अपने दोस्त को जय हिंद भी बोला था। बताया जा रहा कि इस दोस्त का नाम सौरव चक्रवर्ती है। 13 दिसंबर को दो लोग संसद की विजिटर्स गैलरी से अंदर कूद गए थे। इसके बाद इन लोगों ने स्मोक बम का भी इस्तेमाल किया था। फिलहाल पुलिस इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सौरव चक्रवर्ती ने बताया कि ललित से उसकी मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। ललित सौरव की फेसबुक पोस्ट को लाइक करता था और कमेंट्स करता था।

### पीएम मोदी ने इसकी गहराई तक जाने को कहा

पीएम मोदी ने संसद में हुई सुरक्षा चूक लेकर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने इस घटना को लेकर दुख जताया है। पीएम ने कहा कि संसद परिसर में हुई घटना चिंताजनक है। इसकी गहराई में जाना जरूरी है। इसलिए जांच एजेंसियां इस घटना की सख्ती से जांच कर रही है। इसके साथ ही पीएमने कहा कि ऐसे विषयों पर वाद-विवाद या प्रतिरोध से सभी को बचना चाहिए।

---

## कोलकाता में 'विजय दिवस' पर रंगारंग समारोह



**कोलकाता।** कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में 'विजय दिवस' समारोह के दौरान लाइट एंड साउंड शो का एक दृश्य।

### 'स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी'

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी। स्वास्थ्य पर सबसे अधिक कुठाराघात भ्रष्टाचार की वजह से पड़ता है।



भ्रष्टाचारी बीमारी बढ़ाता है लेकिन अब भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं है। मौजूद समय में जो भी भ्रष्टाचार करता है कानून का शिकंजा उस तक पहुंच ही जाता है। भ्रष्टाचार करने वाला चाहे जितने बड़े परिवार हो। ये बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन अवसर पर कहीं।

# भाजपा हर चुनाव ऐसे लड़ती है जैसे आखिरी हो, विपक्षियों को दी सलाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव में एक तरफ भाजपा को अपार जमसमर्थन मिला। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को करारी हार मिली है। अब इस हार को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने चिंता जताई है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार को चिंता का विषय बताया। भाजपा के ध्रुवीकरण, मुस्लिम विरोधी और ईसाई विरोधी दुष्प्रचार और उग्र राष्ट्रवाद पर चिंता जताते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि पार्टी को इसका करारा जवाब देना चाहिए। जातिगत जनगणना पर कहा कि यह अहम मुद्दा है लेकिन निर्धारण कारक नहीं।

### विपक्षी दलों को अहसास होना चाहिए

तीन राज्यों में हार के बाद चिदंबरम ने जताई चिंता



चिदंबरम ने रविवार को कहा कि भाजपा हर चुनाव ऐसे लड़ती है जैसे कि यह आखिरी लड़ाई हो और विपक्षी दलों को इसका एहसास होना चाहिए। तीन राज्यों में जीत भाजपा के लिए अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार बेहद चौंकाने वाली और चिंता का विषय है। मेरा मानना है कि पार्टी का नेतृत्व कमजोरियों को दूर करेगा।

### कांग्रेस का वोट प्रतिशत बरकरार रहा

उन्होंने कहा कि चार बड़े राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में पार्टी का 40 प्रतिशत वोट शेयर बरकरार दिख रहा है। उन्हें उम्मीद है कि अंतिम छोर तक अभियान, बूथ प्रबंधन और निष्क्रिय पड़े मतदाताओं को चुनाव के दिन मतदान केंद्र तक लाने जैसे मुद्दों पर ध्यान देने से लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी का वोट प्रतिशत 45 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

---

# मुख्यमंत्री मेरे खिलाफ रच रहे साजिश मुझे मारने के लिए भेजे किराए के गुंडे

### केरल के राज्यपाल का सीएम पर गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सीएम पिनाराई विजयन पर उन्हें शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने का



आरोप लगाया। गवर्नर खान ने कहा कि जब वे दिल्ली के लिए तिरुवंतपुरम एयरपोर्ट जा रहे थे, रास्ते में सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनके वाहन को टक्कर मार दी।

इस घटना ने केरल में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। वाहन टक्कर के तुरंत बाद राज्यपाल अपनी कार से बाहर निकले और मीडिया से बातचीत में सीएम पर उन्हें मारने के लिए गुंडे भेजने के आरोप लगाए। खान ने कहा कि उन्हें शारीरिक नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका मतलब है कि विजयन की इसमें संलिप्तता है।



### सीएम विजयन भड़के

केरल के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान द्वारा एसएफआई कार्यकर्ताओं को अपराधी करने पर सीएम पिनाराई विजयन भड़क गए। एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने राज्यपाल पर ही गंभीर आरोप लगा दिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जानबूझकर भड़काऊ बयान दे रहे हैं, क्योंकि वह दक्षिणी राज्य में शांति को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं।

---

## मौसम विभाग ने बताया फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं

उत्तर भारत में छाया रहेगा कोहरा कई राज्यों में बारिश भी संभावित

# तमिलनाडु में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश के अलग-अलग राज्यों में मौसम का मिजाज भी अलग-अलग ही है। उत्तर के पहाड़ी राज्यों में जहां बर्फबारी हो रही है, वहीं मैदानी इलाकों में सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। देश के दक्षिणी राज्यों में बारिश ने बुरा हाल किया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 18 दिसंबर तक सुदूर दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। इस दौरान तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में भारी बारिश की संभावना है। यहां चक्रवात मिचौंग ने कुछ दिन पहले नुकसान पहुंचाया था अब बारिश ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। भारत के मैदानी राज्यों के बात करें तो कई राज्यों में कोहरा छाया रहेगा।



### तिरुनेलवेली में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया

16-18 दिसंबर के दौरान दक्षिण तमिलनाडु में और 17 और 18 दिसंबर को केरल और लक्षद्वीप में अलग-अलग इलाकों भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी, कन्याकुमारी और रामनाथपुरम सहित तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में रविवार की सुबह से भारी बारिश हो रही है। तिरुनेलवेली में भारी बारिश से इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

### चेन्नई में बारिश का पूर्वानुमान

आईएमडी चेन्नई के अनुसार तमिलनाडु के कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, थूथुकुडी और तेनकासी जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि रामनाथपुरम, शिवगंगाई में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। तमिलनाडु के विरुधुनगर, मयिलादुथुराई, नागापट्टिनम, तिरुवरुर, तंजावुर, पुडुकोट्टई जिले और कराईकल क्षेत्र में भी भारी बारिश के आसार हैं।

### केरल में जारी ऑरेंज अलर्ट

केरल में मौसम विभाग ने चार जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानामथिट्टा और इडुक्की जिलों को ऑरेंज अलर्ट के तहत रखा गया है। आईएमडी केरल के अनुसार 18 दिसंबर को भी भारी बारिश के साथ तूफान की चेतावनी केरल के लिए जारी की गई है।

## खबर संक्षेप

### एडीबी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.7% बढ़ाया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने दूसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों के बाद चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। एशियन डेवलपमेंट आउटलुक दिसंबर 2023 के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि देखी गई।

### बीते सप्ताह मूंगफली तेल तिलहन में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह में देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन में सुधार आया। वहीं बाकी सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि लगभग डेढ़ साल से जारी घाटे के कारोबार के बीच देश के खाद्य तेल आयातकों सहित तेल-तिलहन उद्योग के सभी अंशधारकों की वित्तीय स्थिति दयनीय हो चली है।

### एस्सार गुजरात में 55 हजार करोड़ रुपए करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात में ऊर्जा बदलाव, बिजली और बंदरगाह परियोजनाओं में 55,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इन निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। निवेश एक गीगावाट क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजना की स्थापना, सलाया बिजली संयंत्र के विस्तार और सलाया बंदरगाह को लॉजिस्टिक केंद्र में बदलने के लिए किया जाएगा।

### मार्केट कैप में टीसीएस और इंफोसिस रही आगे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.26 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 1,658.15 अंक या 2.37 प्रतिशत के लाभ में रहा।

# सैमसंग के बाद आईफोन यूजर्स पर बड़ा खतरा, सरकार ने जारी की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सैमसंग के बाद अब एप्पल के डिवाइस यूज करने वाले यूजर्स के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। सीईआरटी-इन (कंप्यूटर इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम ऑफ इंडिया) ने कहा कि उसे ऐपल के प्रोडक्ट्स में कई खतरे मिले हैं। इनसे यूजर्स के डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार ये हैकर इनसे ऐपल डिवाइस में वायरस वाले कोड को रन कराने के साथ ही सिक्योरिटी रिस्ट्रिक्शन्स को भी बाइपास कर सकते हैं। इसके अलावा इनसे हैकर यूजर्स के डिवाइस में डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) भी चालू कर सकते हैं।

- डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आई

## एप्पल के डिवाइस यूजर्स पर मंडरा रहा खतरा

### सैमसंग के प्रीमियम फोन भी नहीं सेफ


सीईआरटी डॉट इन ने सैमसंग यूजर्स को दी गई चेतावनी में कहा था कि ऐंड्रॉयड वर्जन 11, 12, 13 और 14 पर चलने वाले फोन की सिक्योरिटी गंभीर खतरे में है। इसमें सैमसंग के प्रीमियम फोन गैलेक्सी एस 23 का भी नाम है क्योंकि यह ऐंड्रॉयड 14 को सपोर्ट करता है।




### इन ऐपल प्रोडक्ट्स पर खतरा

सीईआरटी डॉट इन के अनुसार यह खतरा आईओएस, एप्पल वॉच ओएस, आईपेडओएस और 17.2 वर्जन के ऊपर वाले एप्पल सफारी के यूजर्स की परेशानी बढ़ा सकता है। सीईआरटी डॉट इन ने इस खतरे को 'हाई' कैटिगरी में रखा है। यह सिक्योरिटी एडवाइजरी सैमसंग यूजर्स को दी गई वॉर्निंग के महज 48 घंटे बाद आई है।

### डेटा कर सकते हैं एक्सेज




सैमसंग के डिवाइसेज के लिए जारी की गई वॉर्निंग में कहा गया है कि हैकर आसानी से ऐंड्रॉयड 11, 12, 13 और 14 पर काम करने वाले स्मार्टफोन्स के डेटा को ऐक्सेस कर सकते हैं। सीईआरटी डॉट इन ने अपनी जांच में पाया कि हैकर बड़ी आसानी से सैमसंग के नोक्स फीचर को कंट्रोल कर सकते हैं। इसके अलावा फोन का फेशियल रिकॉग्निशन फीचर को भी चकमा देना हैकर्स के लिए बाएं हाथ का खेल है।

## मेनबोर्ड की 7 और 4 एसएमई देंगी दस्तक

# शेयर बाजार में अगले हफ्ते आ रहे 11 आईपीओ मार्केट में होगा 4000 करोड़ रुपए का बड़ा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले हफ्ते 11 कंपनियां शेयर बाजार में उतरने वाली हैं। इनमें से 7 मेनबोर्ड कंपनियां हैं। इनके आईपीओ का साइज 3910 करोड़ रुपए होगा। इसके अलावा चार एसएमई भी मार्केट में 135 करोड़ रुपए के आईपीओ लाएंगी। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि इन सभी आईपीओ को बाजार से अच्छा रिस्पोंस मिल सकता है। अगले साल भी आईपीओ के जरिए पैसा जुटाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।


सेबी के पास लगभग 65 आईपीओ प्रस्ताव आ चुके हैं। इनमें से 25 को बाजार नियामक सेबी की मंजूरी भी मिल चुकी है। आईपीओ में मिल रहा मुनाफा और कंपनियों द्वारा उचित कीमत रखने की वजह से निवेशकों में इन्हें लेकर अच्छा उत्साह देखा जा रहा है।

### मेनबोर्ड की 7 और 4 एसएमई देंगी दस्तक

मेनबोर्ड आईपीओ में मुथूट माइक्रोफिन, मोतीसंस ज्वेलर्स, सूरज एस्टेट ज्वेलर्स, हैप्पी फोर्जिंग्स, आरबीजेड ज्वेलर्स, क्रेडो ब्रांड्स और आजाद इंजीनियरिंग अगले हफ्ते अपना आईपीओ लाएंगे उधर, एसएमई सेगमेंट में सहारा मेरीटाइम, इलेक्ट्रो फोर्स, शांति स्पिनटेक्स और ट्राईडेंट टेकलैब्स बाजार में उतरने वाले हैं।

*शेयर बाजार में इस साल विभिन्न कंपनियों के आईपीओ ने धूम मचाई हुई है। इन आईपीओ और आर्थिक प्रगति के अच्छे आंकड़ों पर सवार होकर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 71 हजार और एनएसई का निफ्टी 21 हजार के आंकड़े को पार कर चुका है।*

- आईपीओ से मिल रहे अच्छे मुनाफे से निवेशकों का समर्थन
- कंपनियां भी उचित कीमत पर अपना आईपीओ ला रही
- मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ 960 करोड़ रुपए का होगा




*इश्यू प्राइस 55 रुपए प्रति शेयर : कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 32.06 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है। इसी तारीख को मोतीसंस ज्वेलर्स भी अपना आईपीओ लेकर आएंगे। इस आईपीओ को लेकर ग्रे मार्केट में सबसे ज्यादा उत्साह है।*



### मोतीसंस ज्वेलर्स ने ग्रे मार्केट में मचाई धूम

मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर तक खुला रहेगा। कंपनी का आईपीओ 960 करोड़ रुपए का होगा। कंपनी ने इश्यू के लिए 277 से 291 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है। पिछले छह महीने में कंपनी का रेवेन्यू 72 फीसदी और मुनाफा 205 करोड़ रुपए हो चुका है। अगला नाम सूरज एस्टेट डेवलपर्स का है। उनका 400 करोड़ रुपए का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर के बीच खुलेगा।

### मुनाफे में चल रहीं सभी कंपनियां

हैप्पी फोर्जिंग्स का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा। इसके जरिए कंपनी बाजार से 1009 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। कंपनी ने पहली छमाही में 116 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। आरबीजेड ज्वेलर्स का 100 करोड़ रुपए का आईपीओ भी 19 से 21 दिसंबर तक खुला रहेगा।

### क्रेडो ब्रांड्स का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा

क्रेडो ब्रांड्स पहली बार अपना आईपीओ ला रही है। यह 550 करोड़ रुपए का आईपीओ भी 19 दिसंबर को ही खुलेगा पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 8.5 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 20 दिसंबर को आएगा। यह कंपनी भी मुनाफे में चल रही है।

### इन एसएमई पर भी होगी नजर

सहारा मेरिटाइम का 7 करोड़ रुपए का आईपीओ 18 दिसंबर को बाजार में दस्तक देगा। इलेक्ट्रो और शांति अपना आईपीओ 19 दिसंबर को लाने वाले हैं। ट्राइडेंट का आईपीओ 21 दिसंबर को आने वाला है। इन सभी एसएमई आईपीओ को लेकर भी बाजार में उत्सुकता है।

# 2047 तक सभी के लिए होगा बीमा : मोहंती




- एलआईसी निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका : चेयरमैन
- ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नए उत्पाद पेश किए जा रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीवन बीमा निगम (एलआईसी) '2047 तक सभी के लिए बीमा' हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि इसके लिए बीमा कंपनी विशेष योजना बना रही है और खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तैयार किए गए उत्पाद पेश किए जाएंगे। मोहंती ने बताया, 'जोर इस बात पर होगा कि अधिकतम ग्रामीण जनता को कैसे बीमा के दायरे में लाया जाए, जिन्हें वास्तव में बीमा की जरूरत है। आने वाले दिनों में हमारे कुल कारोबार में ग्रामीण हिस्सेदारी भी बढ़ जाएगी।' चेयरमैन ने कहा कि '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने में एलआईसी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इस दिशा में कंपनी ने पहले ही काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, 'मुझे नियामक को धन्यवाद देना चाहिए। नियामक इरडा ने पहले ही एक समग्र उत्पाद 'बीमा विस्तार' का प्रस्ताव दिया है, जिसमें जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति बीमा शामिल होगा।' मोहंती ने कहा कि इन उत्पादों को बेचने के लिए 'बीमा वाहक' को लगाया जाएगा और यह एक महिला-केंद्रित वितरण मॉडल होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है, जब देश ब्रिटिश शासन से आजादी के 100 साल पूरे करेगा।

### एक क्लिक पर उपलब्ध होगी सेवाएं

फिलहाल, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन वैश्विक औसत की तुलना में यहां बीमा की पहुंच कम है। मोहंती ने कहा कि दावा निपटान, ऋण और अन्य सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा, ग्राहकों को कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

## रिलायंस संपत्ति निर्माण में अव्वल

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2018 से 2023 तक पांच साल के दौरान संपत्ति निर्माण के लिहाज से अव्वल रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक अध्ययन के अनुसार अदाणी एंटरप्राइजेज ने भी निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया। कंपनियों के शेयर बाजार में प्रदर्शन पर आधारित इस अध्ययन में कहा गया कि रिलायंस लगातार पांचवीं बार संपत्ति निर्माण में अव्वल रही। कंपनी ने 2018-23 के बीच 9,63,800 करोड़ रुपये की संपत्ति जोड़ी। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (6,77,400 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (4,15,500 करोड़ रुपये), इन्फोसिस (3,61,800 करोड़ रुपये) और भारती एयरटेल (2,80,800 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

## अधिग्रहण के बाद एसीसी-अंबुजा सीमेंट की कर-पूर्व आय में वृद्धि

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के अधिग्रहण के बाद एसीसी-अंबुजा सीमेंट की कर-पूर्व आय (एबिटा) 350 रुपये से बढ़कर 1,350 रुपये प्रति टन हो गई है। सूत्रों ने कहा कि समूह को उम्मीद है यह आंकड़ा 2024 तक बढ़कर 1,400 रुपये हो जाएगा। अदाणी समूह ने पिछले साल अंबुजा सीमेंट लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड का अधिग्रहण किया था। अंबुजा सीमेंट के पास देशभर में छह एकीकृत सीमेंट विनिर्माण संयंत्र और आठ सीमेंट ग्राइंडिंग इकाइयां हैं। इसके साथ ही उसकी वार्षिक सीमेंट क्षमता 3.1 करोड़ टन है। एसीसी के पास 17 सीमेंट विनिर्माण इकाइयां और 85 कंक्रीट संयंत्र हैं और उसकी वार्षिक सीमेंट क्षमता 3.44 करोड़ टन है। अदाणी समूह अब 2027 तक वार्षिक सीमेंट क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रहा है।

## ज्योतिष

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

# टाटा स्टील की कलिंग परियोजना अगले साल तक लेगी आकार

एजेंसी ▶▶| कलिंग नगर (ओडिशा)

टाटा स्टील का लक्ष्य अगले साल दिसंबर तक अपनी कलिंग नगर परियोजना के विस्तार को पूरा करने का है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

कंपनी ने 23,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 30 लाख टन सालाना से 80 लाख टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता तक पहुंचने के लिए नवंबर, 2018 में ओडिशा में अपनी कलिंग नगर परियोजना के विस्तार के दूसरे चरण की शुरुआत की थी। टाटा स्टील कलिंग नगर के उपाध्यक्ष (परिचालन) राजीव कुमार ने बातचीत में कहा, 'हम इस परियोजना को अगले साल दिसंबर के अंत तक पूरा करने और चालू करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।' नया ब्लास्ट फर्नेस 5,870 घन मीटर (सीयूएम) की आंतरिक मात्रा के साथ देश में सबसे बड़ा होगा। कुमार ने कहा कि परियोजना के दूसरे चरण के विस्तार से देश में वाहन, सामान्य इंजीनियरिंग, तेल और गैस, उत्खनन और अन्य मूल्यवर्धित क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए संयंत्र में फ्लैट स्टील का उत्पादन बढ़ेगा। विस्तार परियोजना की स्थिति पर उपाध्यक्ष ने कहा कि आज तक लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष 20 प्रतिशत भी प्रगति पर है।



- कंपनी ने 23,500 करोड़ के निवेश का रखा लक्ष्य
- उत्पादन क्षमता 30 लाख टन से 80 लाख टन

कलिंग नगर इकाई में 80 लाख टन सालाना उत्पादन क्षमता के साथ टाटा स्टील की भारत में परिचालन की कुल उत्पादन क्षमता 2.66 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। कंपनी के पास अपने जमशेदपुर संयंत्र में 1.2 करोड़ टन प्रति वर्ष (उषा मार्टिन से प्राप्त 10 लाख टन प्रति वर्ष सहित), ढेंकनाल में टाटा स्टील मेरामंडली (पूर्व में टाटा स्टील बीएसएल) में 56 लाख टन और कलिंग नगर में एनआईएनएल की 10 लाख टन सालाना की उत्पादन क्षमता है।

## जीएसटी भरने वालों की संख्या पांच साल में 65 फीसदी बढ़ी

- लगभग बढ़कर 1.13 करोड़ हुआ
- मतदाताओं की संख्या बढ़कर 1.40 करोड़ हुई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




करदाताओं के अनुपालन में सुधार के कारण अप्रैल, 2023 तक पांच वर्षों में जीएसटी रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या लगभग 65 प्रतिशत बढ़कर 1.13 करोड़ हो गई। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।


माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत पंजीकृत सक्रिय करदाताओं की संख्या बढ़कर 1.40 करोड़ हो गई जो अप्रैल 2018 में 1.06 करोड़ थी। मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में फाइलिंग माह के अंत तक 90 प्रतिशत पात्र करदाता जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। यह आंकड़ा जीएसटी लागू होने के पहले वर्ष 2017-18 में 68 प्रतिशत था। मंत्रालय ने सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर पोस्ट किया, 'जीएसटी नियमों और प्रक्रियाओं में सरलीकरण के परिणामस्वरूप पात्र करदाताओं द्वारा रिटर्न दाखिल करने का प्रतिशत बढ़ गया है। एक जुलाई, 2017 को राष्ट्रव्यापी जीएसटी लागू किया गया था। इसमें उत्पाद शुल्क, सेवा कर और वैट जैसे एक दर्जन से अधिक स्थानीय करों को शामिल किया गया था।

## घरों की बिक्री 4.5 लाख करोड़ रुपए के पार होगी



**नई दिल्ली।** कीमतों में बढ़ोतरी और लक्जरी घरों की अधिक मांग के दम पर इस साल सात प्रमुख शहरों में आवास बिक्री सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़कर 4.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने यह बात कही। वर्ष 2022 में दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में 3,26,877 करोड़ रुपये के घर बिके थे। एनारॉक के अनुसार, 2023 के पहले नौ महीनों में प्राथमिक बाजार में बेची गई आवासीय संपत्तियों का मूल्य 3,48,776 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जो 2022 की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। एनारॉक समूह के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, तथ्य यह है कि पहले नौ महीनों में आवास बिक्री मूल्य पूरे 2022 से अधिक रहा है जो इस वर्ष प्रीमियम लक्जरी घरों की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

## शब्द पहेली - 5367




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 5366 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| व | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्ज | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |



## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला टीम बेल्जियम से हारी

**वेलेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम का पांच देशों के टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और उसे अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी हार है। वह अपने पहले मैच में स्पेन से 2-3 से हार गई थी। बेल्जियम की तरफ से एंब्रे बैलेन्चियेन (22वें मिनट) और लुईस वर्सावेल (37वें) ने गोल किए। शनिवार को खेले गए इस मैच में भारत की तरफ से एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के (56वें) ने किया। भारतीय टीम अपना अगला मैच 19 दिसंबर को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी।

### मनीष की गेंदबाजी संदिग्ध, लगा बैन




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के लिए 19 दिसंबर को दुबई में खिलाड़ियों का ऑक्शन आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई ने ऑक्शन से पहले गेंदबाजों के संदिग्ध एक्शन की लिस्ट फ्रेंचाइजियों को सौंपी है। भारतीय बल्लेबाज मनीष पांडे की गेंदबाजी एक्शन को बीसीसीआई ने पूरी तरह से संदिग्ध मानते हुए बैन कर दिया है। इसके अलावा अलावा कर्नाटक के केएल श्रीजित को भी गेंदबाजी एक्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। संदिग्ध लिस्ट में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के चिराग गांधी, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के गुलेरिया, केरल क्रिकेट एसोसिएशन के रोहन कुन्नुमल और सलमान निजार, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के तनुश कोटियन, विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के सौरभ दुबे और अर्पित के नाम शामिल हैं।

### कुछ मैचों की मेजबानी के बारे में सोचे भारत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आंतरिक सर्कुलर के अनुसार देश में फुटबॉल की संचालन संस्था सऊदी अरब में होने वाले 2034 फीफा विश्व कप के कुछ मैचों की मेजबानी की योजना पर विचार कर रही है। पिछले महीने फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने 31 अक्टूबर की समय सीमा समाप्त होने के बाद पुष्टि की थी कि सऊदी अरब 2034 विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ की 18 अक्टूबर को हुई आपात कांग्रेस में सऊदी अरब की दावेदारी का समर्थन किया गया था।



### एबेन्यो और केबेडे ने जीते कोलकाता 25के खिताब



**कोलकाता।** कीनिया के डेनियल सिमियू एबेन्यो और इथियोपिया की सुटुमे असेफा केबेडे ने रविवार को यहां टाटा स्टील कोलकाता 25के (25 किमी) में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए खिताब अपने नाम किये। इबेन्यो ने एक घंटे 11 मिनट और 13 सेकेंड का समय निकालकर साथी कीनियाई एथलीट लियोनार्ड बारसोटोन्स के एक घंटे 12 मिनट 49 सेकेंड के रिकॉर्ड में सुधार किया। कीनिया के विक्टर किप्रुतो टोगोम 1:12:26 के समय से दूसरे और इथियोपिया के डेमेके 1:13:36 के समय से तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं के वर्ग में इथियोपिया की यालेमजर्फ येहुआलों खिताब जीतने की प्रबल दावेदार थीं लेकिन केबेडे 1:18:47 के समय से पहला स्थान हासिल करने में सफल रहीं। येहुआलों ने 1:19:26 के समय से दूसरा और कीनिया की बेटी चेपकेमोई किबेत ने 1:21:43 के समय से तीसरा स्थान प्राप्त किया।




### अर्शदीप 5 विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका में इतिहास रच दिया। उन्होंने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में सनसनीखेज गेंदबाजी की। अर्शदीप ने 37 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। वह दक्षिण अफ्रीका में एक वनडे मैच में पांच विकेट लेने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य रिकॉर्ड भी बनाए। अर्शदीप और आवेश की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने कुल नौ विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी वनडे मैच में भारत के तेज गेंदबाजों का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले 1993 में भारतीय तेज गेंदबाजों ने मोहाली में आठ विकेट लिए थे। 2013 में सेंचुरियन में भी तेज गेंदबाजों को कुल आठ सफलता मिली थी।

**वनडे : 200 गेंद बाकी रहते सिर्फ 17 ओवर में जीती टीम इंडिया**

# भारत आठ विकेट से जीता, अर्शदीप और आवेश की आंधी में उड़ा अफ्रीका

एजेंसी ⏩ जोहानिसबर्ग

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आवेश खान की शानदार गेंदबाजी से पहले एकदिवसीय में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की पारी को सस्ते में समेटने के बाद 200 गेंद बाकी रहते आठ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली। अपने शुरुआती तीन वनडे में एक भी विकेट लेने में विफल रहे अर्शदीप ने 10 ओवर के कोटे में 37 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि आवेश ने आठ ओवर में 27 रन पर चार विकेट चटकाए। एक सफलता कुलदीप यादव को मिली।

विश्व कप के बाद अपना पहला एकदिवसीय खेल रहे भारत ने 27.3 ओवर के अंदर महज 116 रन पर दक्षिण अफ्रीका की पारी को समेटने के बाद सिर्फ 16.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी 28 ओवर में केवल 116 रन पर सिमटी

राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण कर रहे साई सुदर्शन ने लक्ष्य का पीछा करने के दौरान अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए 43 गेंद में नौ चौके की मदद से नाबाद 55 रन बनाए। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ दूसरे विकेट के लिए 73 गेंद में 88 रन की साझेदारी की। अय्यर ने 45 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए।



### साई सुदर्शन का डेब्यू

भारत से लेफ्ट हैंड बैटर साई सुदर्शन को डेब्यू का मौका मिला। वह ऋतुराज गायकवाड के साथ ओपनिंग करने उतरे। टीम में संजू सैमसन और तिलक वर्मा को भी मौका मिला। गेंदबाजों में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी के साथ अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार के रूप में 3 पेसर्स शामिल किए गए।

### 16 रन में गंवाए 5 विकेट

साउथ अफ्रीका का स्कोर 7.4 ओवर में 42 रन पर 2 विकेट था। लेकिन टीम ने अगले 16 ही रन जोड़ने में 5 विकेट गंवा दिए और 13 ओवर के बाद स्कोर 58/7 हो गया। साउथ अफ्रीका से टोनी डी जॉर्जी, हेनरिक क्लासन, ऐडन मार्करम, वायन मुल्डर और डेविड मिलर आउट हुए। शुरुआती 10 ओवर में साउथ अफ्रीका को चारों झटके अर्शदीप सिंह ने दिए। वहीं 11वें के बाद आवेश ने भी 4 विकेट झटक लिए।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रीजा हेंड्रिक्स बो अर्शदीप | 00 | 08 | 0 | 0 |
| जोरजी का राहुल बो अर्शदीप | 28 | 22 | 2 | 2 |
| रासी वैन पगबाधा अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एडेन मार्कराम बो आवेश | 12 | 21 | 2 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो अर्शदीप | 06 | 09 | 1 | 0 |
| मिलर का राहुल बो आवेश | 02 | 07 | 0 | 0 |
| मुलडर पगबाधा आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एंडिले पगबाधा अर्शदीप | 33 | 49 | 3 | 2 |
| केशव का गायकवाड़ बो आवेश | 04 | 07 | 1 | 0 |
| नान्द्रे बर्गर बो कुलदीप | 07 | 32 | 0 | 0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 11 | 08 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 27.3 ओवर में 116/10
गेंदबाजी : मुकेश 7-0-46-0, अर्शदीप 10-0-37-5, आवेश 8-3-27-4, कुलदीप 2.3-0-3-1.

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ऋतुराज पगबाधा मुलडर | 05 | 10 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 55 | 43 | 9 | 0 |
| अय्यर का मिलर बो फेहलुकवायो | 52 | 45 | 6 | 1 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |


अतिरिक्त : 04, कुल : 16.4 ओवर में 117/2
गेंदबाजी : बर्गर 5.4-1- 35-0, मुलडर 4-0-26-1, महाराज 3-0-19-0, शम्सी 3-0-22-0, फेहलुकवायो 1-0-15-1

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से रौंदा, लियोन के टेस्ट में 500 विकेट

एजेंसी ⏩ पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां पर्थ की खतरनाक पिच पर पाकिस्तान को 360 रन से हरा दिया जिसमें नाथन लियोन ने 500 टेस्ट विकेट की उपलब्धि अपने नाम की। पाकिस्तान की दूसरी पारी चौथे दिन के अंतिम सत्र में 89 रन में सिमट गई जिससे उसे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में लगातार 15वीं शिकस्त झेलनी पड़ी। मेजबान टीम ने लंच के आधे घंटे बाद पांच विकेट पर 233 पर दूसरी पारी घोषित कर पाकिस्तान को जीत के लिए 450 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया।

हेजलवुड (13 रन देकर तीन विकेट) और स्टार्क (31 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट झटके जबकि कमिंस ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम (14 रन) को आउट किया जो उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। लियोन ने फहीम अशरफ को पगबाधा के रैफरल में सफलता हासिल कर अपने 500वें विकेट की उपलब्धि हासिल की जिसके बाद सभी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगा लिया। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट झटके।




### यंग के शतक से न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 44 रन से हराया



**डुनेडिन।** विल यंग के 105 रन और टॉम लाथम के 92 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ बारिश के कारण 30-30 ओवर के किए गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 रन से जीत हासिल की। न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 239 रन बनाए। बारिश के कारण डकवर्थ लुईस पद्धति से बांग्लादेश को जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य मिला लेकिन मेहमान टीम 30 ओवर में नौ विकेट पर 200 रन ही बना सकी।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से रौंदा, फिल साल्ट का शतक



**सेंट जॉर्ज।** सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद शतक की मदद से इंग्लैंड ने 223 रन के बड़े लक्ष्य को हासिल करके वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एक गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीवंत रखी। साल्ट ने 56 गेंद पर नाबाद 109 रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज ने पहले दोनों मैच जीते थे और अभी वह पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

### भारत नए मानदंड गढ़ने वाला देश

**नई दिल्ली।** ओलंपियन राइफल निशानेबाज अंजुम मौदगिल का मानना है कि भारत में निशानेबाजी का स्तर दुनिया के किसी अन्य देश से काफी ऊंचा है। दस मीटर एयर राइफल में विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अंजुम ने कहा कि भारतीय निशानेबाज घरेलू प्रतियोगिताओं में कई मौकों पर विश्व रिकॉर्ड स्कोर बेहतर कर रहे थे, जो इस बात का साफ संकेत है कि देश में यह खेल एक अलग स्तर पर पहुंच गया है। अंजुम ने यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में खेलो इंडिया पैरा खेलों के इतर कहा, 'भारतीय एथलीट वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर हम अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप को देखें, तो कई बार स्कोर अंतरराष्ट्रीय स्कोर से भी ऊपर हो जाते हैं।'

### बांग्लादेश ने यूएई को हराकर अंडर-19 एशिया कप जीता

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज आशिकुर रहमान शिबली के शानदार शतक की बदौलत बांग्लादेश ने रविवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 195 रन से रौंदकर अंडर-19 एशिया कप जीत लिया। आशिकुर रहमान का यह टूर्नामेंट के पांच मैचों में दूसरा शतक है। पारी का आगाज करते हुए आशिकुर रहमान ने 149 गेंद में 129 रन बनाये जिसमें 12 चौके और एक छक्का जड़ा था। इससे बांग्लादेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आठ विकेट पर 282 रन बनाये। जवाब में यूएई की टीम 24.5 ओवर में 87 रन पर सिमट गयी और बांग्लादेश ने आठ देशों का टूर्नामेंट जीत लिया।

### सतीश ओडिशा मास्टर्स के एकल और तनीषा-ध्रुव मिश्रित चैंपियन



**कटक।** भारत के सतीश कुमार करुणाकरन ने रविवार को यहां ओडिशा मास्टर्स के ऑल इंडियन पुरुष एकल फाइनल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता।

मौजूदा सत्र में इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीतने वाले 22 साल के सतीश ने रोमांचक फाइनल में आयुष को 21-18, 19-21, 21-14 से हराया। तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने भी यहां बेहद रोमांचक फाइनल में ही योंग केइ टेरी और टेन वेइ हेन जेसिका की सिंगापुर की जोड़ी को तीन गेम में हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। बीस साल की तनीषा और 23 साल के ध्रुव ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए एक घंटे और 14 मिनट में 17-21, 21-19, 23-21 से जीत दर्ज की।

### किशन टेस्ट से बाहर भरत लेंगे उनकी जगह

**सेंचुरियन।** भारतीय टीम के मुख्य विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश रवाना हो गए हैं। कोना भरत को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जो इस समय कप्तान के तौर पर भारत 'ए' टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'ईशान किशन ने व्यक्तिगत कारणों से बीसीसीआई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए रिलीज किए जाने का अनुरोध किया है। इसलिए इस विकेटकीपर को टेस्ट टीम से हटा दिया गया है। पुरुष चयन समिति ने केएस भरत को उनकी जगह शामिल किया है।'



## खेलो इंडिया पैरा खेलो में चैंपियन बना हरियाणा

भाषा ⏩ नई दिल्ली

हरियाणा रविवार को यहां संपन्न पहले खेलो इंडिया पैरा खेलों में 40 स्वर्ण सहित कुल 105 पदक के साथ चैंपियन बना। हरियाणा ने 40 स्वर्ण के अलावा 39 रजत और 26 कांस्य पदक भी जीते। उत्तर प्रदेश कुल 62 पदक (25 स्वर्ण, 23 रजत और 14 कांस्य) के साथ दूसरे जबकि तमिलनाडु 20 स्वर्ण, आठ रजत और 14 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दस दिसंबर को शुरू हुए इन खेलों में 173 स्वर्ण पदक की स्पर्धाएं हुईं। प्रतियोगिता के अंतिम दिन केरल ने सेरेब्रल पाल्सी फुटबॉल में तमिलनाडु को 7-0 से हराकर खिताब जीता। टेबल टेनिस में हरियाणा के सुमित सहगल ने गुजरात के रमेश चौधरी को फाइनल में 3-0 (11-8, 11-7, 11-8) से हराकर पुरुष वर्ग कक्षा-4 का स्वर्ण पदक जीता।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए, ''आज हम ना केवल पदकों का सम्मान करते हैं बल्कि उस जज्बे और अनकही कहानियों का भी सम्मान करते हैं जो यहां लिखी गईं।'' उन्होंने कहा, ''खेलो इंडिया पैरा खेल 2023 हमारे खेल इतिहास में एक एतिहासिक अध्याय है।'' खेलों में हरियाणा के प्रणव सूरमा ने अपने एशियाई रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने क्लब थ्रो स्पर्धा में 33.54 मीटर के प्रयास के साथ एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान 30.01 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया। उन्होंने धरमबीर के 31.09 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड में भी सुधार किया। खेलो इंडिया पैरा खेलों में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,400 से अधिक पैरा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें सात खेलों में स्पर्धाएं हुईं।

**पाकिस्तान में हो रहे डेविस कप के लिए पांच सदस्यीय टीम घोषित**

# पाक के खिलाफ भारत की अगुवाई करेंगे रामनाथन

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए, रामकुमार रामनाथन की अगुवाई में रविवार को पांच सदस्यीय टीम घोषित की जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारतीय टीम 60 वर्षों में पहली बार पाकिस्तानी धरती पर खेलने की तैयारी कर रही है। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने हालांकि सुरक्षा कारणों से पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ पंचाट में अपील दायर की है, जिसका फैसला अभी आना है।

भारत ने इससे पहले आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और तब उसने 4-0 से जीत दर्ज की थी। भारत अभी तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में तटस्थ स्थल पर खेला गया था। भारत ने इस मुकाबले में 4-0 से जीत हासिल की थी। यह मुकाबला भी पाकिस्तान में खेला जाना था लेकिन भारत के आग्रह पर इसे कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। भारत को पाकिस्तान के खिलाफ तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले मुकाबले के लिए जिस टीम का चयन किया है उसमें रामनाथन के अलावा एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा और साकेत माइनेनी शामिल हैं। दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं।



### रामकुमार और पूनाचा एकल टेनिस खिलाड़ी

रामकुमार का सर्व और वॉली का खेल ग्रास कोर्ट के अनुकूल है। भारतीय टीम में उनके अलावा पूनाचा ही एकल खिलाड़ी हैं जबकि अन्य खिलाड़ी एटीपी टूर में केवल युगल में खेलते हैं। कप्तान रोहित राजपाल अगर भांबरी को एकल में खेलने के लिए कहते हैं तो यह हैरानी भरा फैसला नहीं होगा। यहां तक की बालाजी को भी एकल में खेलने के लिए कहा जा सकता है। भारत के चोटी के खिलाड़ी सुमित नागल और शशि कुमार मुकुंद इस मुकाबले से हट गए थे जिसमें टीम जीत दर्ज करके 2024 के सत्र में विश्व ग्रुप एक में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगी।

## रमनदीप को डब्लूबीसी इंडिया लाइट फ्लाईवेट का खिताब



**हैदराबाद।** पंजाब की रमनदीप कौर ने आठ राउंड तक चले मुकाबले में विभाजित निर्णय से हरियाणा की ममता सिंह को हराकर लाइट फ्लाईवेट डिवीजन में प्रतिष्ठित डब्लूबीसी इंडिया खिताब जीता। भारतीय मुक्केबाजी परिषद से स्वीकृत प्रतियोगिता में शनिवार को गाचीबोवली स्टेडियम में दो खिताबी मुकाबलों डब्लूबीसी इंडिया और डब्लूबीसी मिडिलईस्ट सहित कुल 10 मुकाबले हुए। शीर्ष रैंकिंग की रमनदीप ने पेशेवर वर्ग में अपने 14वें मुकाबले में अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया और ममता के लगातार चार जीत के अभियान पर रोक लगाई। रमनदीप की यह पेशेवर मुक्केबाजी में 11वीं जीत है।

एक अन्य खिताबी मुकाबले में भारत के सबरी जे ने ईरान के खशीर घासेमी को सर्वसम्मत फैसले से पराजित करके डब्लूबीसी मिडिल ईस्ट खिताब अपने नाम किया।

हिंदू समुदाय ने निकाली भव्य कार रैली

# अयोध्या में रामलला के आगमन की खुशी पर 'जश्न' में डूबा अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में एक उत्साह और उल्लास का माहौल है।

ऐसा ही उत्साह और उल्लास अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों में भी है। यही वजह है कि राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अमेरिका में महीने भर तक इसका उत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को इस उत्सव की शुरुआत एक विशाल कार रैली से हुई। वॉशिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में यह कार रैली निकाली गई।

**खास बातें**

- वॉशिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में निकली कार रैली
- विहिप के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा अमेरिका में भी उत्सव का माहौल
- राम मंदिर का अयोध्या में अगले महीने उद्घाटन

*अमेरिका में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं।*





**उत्सव के दौरान ये कार्यक्रम होंगे**

लीला का आयोजन भी कराया जाएगा। साथ ही भगवान श्री राम की कहानियां, भगवान राम की आरती, भजन भी गाए जाएंगे। इस दौरान अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को भी भगवान राम के जीवन के बारे में बताया जाएगा। इन उत्सवों के सह-संयोजक और स्थानीय तमिल हिंदू नेता प्रेम कुमार स्वामीनाथन ने कार रैली के दौरान तमिल भाषा में भगवान राम का भजन गाया और साथ ही सभी परिवारों को 20 जनवरी के उत्सव के लिए आमंत्रित किया।

**अमेरिका में महीने भर तक चलेगा उत्सव**

*अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के कई सदस्य शनिवार को मैरीलैंड के नजदीक स्थित फ्रेडरिक सिटी में श्री भक्त आंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए और राम मंदिर के उद्घाटन की खुशी में कार रैली निकाली। अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं। 20 जनवरी को वॉशिंगटन, डीसी इलाके में करीब 1000 हिंदू परिवारों के साथ ऐतिहासिक जश्न मनाया जाएगा।*

**अलग-अलग भाषाओं में बताई महत्ता**

*कार रैली में लोगों ने भी कन्नड़, तेलुगु और अन्य भारतीय भाषाओं में भगवान श्री राम की महत्ता बताई। इस कार रैली का आयोजन कृष्णा गुडीपति ने किया। बता दें कि साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से अयोध्या में राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो गया था।*

**खबर संक्षेप**

### फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास के कर्मचारी की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास में बीते 70 दिनों से गाजा में युद्ध जारी है। इजरायल अभी भी गाजा पट्टी में जमकर बमबारी कर रहा है। इस बीच गाजा हाउस पर इजरायली हवाई हमले की वजह से फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास के एक कर्मचारी की मौत हो गई है।



### ब्रिटेन से अपने घर लौटे तमिलनाडु के 10 मछुआरे

**तिरुवनंतपुरम।** तमिलनाडु के करीब 10 मछुआरों को रविवार को भारतीय तटरक्षक को सौंप दिया गया, जिन्हें इसी महीने ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया गया था। मछुआरों पर 60,000 पाउंड स्टर्लिंग का जुर्माना लगाया गया था।



### श्रीनगर में तीन हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीगर के बेमिना इलाके में बीते हफ्ते पुलिसकर्मी पर हुए हमले में शामिल तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि इस अटैक की साजिश पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अर्जुमंद उर्फ हमजा बुरहान ने रची थी, जो मास्टरमाइंड दानिश अहमद मल्ला के संपर्क में था। कांस्टेबल मोहम्मद हफीज चक पर उस वक्त अटैक हुआ था, जब वह 9 दिसंबर को ड्यूटी से घर लौट रहे थे।

पीएम मोदी और सुल्तान की वार्ता

## 2500 करोड़ रुपए के निवेश से सुधरेगी भारतीय अर्थव्यवस्था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए एक विजन दस्तावेज पर सहमति जताई। दोनों देशों ने 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर (2,500 करोड़ रुपए) के ओमान-भारत निवेश कोष की तीसरी किश्त पर भी सहमति जताई, जिसका उपयोग भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। फंड को एसबीआई और ओमान निवेश प्राधिकरण के बीच 50:50 संयुक्त रूप में शुरू किया गया था, जिसमें पहली किश्त 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर और उसके बाद 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत और ओमान के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय अपराधों से निपटने, संस्कृति और की स्थापना के क्षेत्र में सहयोग पर समझौतों पर हस्ताक्षर हुआ है।

**10 सूत्रीय विजन डॉक्यूमेंट अपनाया**

*विजन डॉक्यूमेंट का जिक्र करते हुए विनय क्वात्रा ने कहा, "इस संयुक्त विजन में 10 अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी है। मुझे विश्वास है कि यह हमारी साझेदारी को एक नया आकार देगा। पीएम मोदी ने कहा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम जोड़ेगा, मोदी ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने में सक्षम होंगे। मुझे खुशी है कि सीईपीए समझौते पर चर्चा चल रही है और चर्चा के दो दौर सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं, जहां कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति हुई है। ओमान के सुल्तान शुक्रवार को राजकीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे, प्रभावशाली खाड़ी देश के नेता के रूप में उनकी भारत की पहली यात्रा थी। भारत-ओमान विजन दस्तावेज मोटे तौर पर ओमान के 'विजन 2040', और भारत के 'अमृतकाल' के विकास दृष्टिकोण में निहित है।*

**लेनदेन व डिजिटल भुगतान पर चर्चा**

क्वात्रा के अनुसार, यह समुद्री सहयोग और कनेक्टिविटी, डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष, हरित ऊर्जा, पर्यटन, कृषि, खाद्य सुरक्षा और क्रिकेट सहित 8 से 10 क्षेत्रों में साझेदारी बनाने पर केंद्रित है। स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग हरित हाइड्रोजन पर भी केंद्रित होगा। दोनों देशों ने रुपये में व्यापार, तथा ओमान द्वारा संबंधित ओमानी प्लेटफॉर्म के साथ भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई का उपयोग करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र पर उठाए सवाल

# पुराने क्लब की तरह है यूएनएससी हर कोई इस पर पाना चाहता नियंत्रण

*केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते।*

*परिषद में जमे लोग अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते*

*दुनिया के सामने प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी*



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है, जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। वे सिर्फ क्लब पर नियंत्रण रखना चाहते हैं। वह इसमें अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक मानवीय विफलता है। मुझे लगता है कि आज यह दुनिया को नुकसान पहुंचा रहा है। क्योंकि दुनिया के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी होता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको वैश्विक भावना भी बता सकता हूं। मेरा मतलब है, आज अगर आप दुनिया के 200 देशों से पूछें। क्या आप सुधार चाहते हैं या नहीं। इस पर बड़ी संख्या में देश हां कहेंगे।

**खास बातें**

- क्लब में कई ऐसे सदस्य हैं जो अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते
- ज्यादातर देश चाहते हैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार

**कनाडा और अमेरिका के मामले एक जैसे नहीं**

*संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की हत्या की साजिश के आरोपों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दोनों मुद्दे एक जैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई जानता है कि भारत एक ऐसा देश है, जहां हम बहुत जिम्मेदार हैं, जो हम करते हैं और हमारे लिए पूरा मुद्दा यह है कि हमने हमेशा इसे बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी देश को कोई चिंता है और वह हमें उसे लेकर कुछ इनपुट या कुछ आधार देता है तो हम उस पर विचार करने के लिए हमेशा तैयार हैं और यही देश करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कुछ मुद्दे उठाए और उन्होंने हमें कुछ जरूरी बातें बताई। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ऐसी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। हमने बहुत ईमानदारी से कनाडा के लोगों से कहा है कि यह आपके ऊपर है, मेरा मतलब है कि आप चाहते हैं कि हम इसे आगे देखें या नहीं।*

**जयशंकर ने जी20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया**

*विदेश मंत्री जयशंकर ने हाल ही में भारत में संपन्न हुए जी-20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जी20 विश्व कप की तरह है, जहां सबसे बड़े और मजबूत खिलाड़ी एक साथ आए। दुनिया के सबसे प्रभावशाली, शक्तिशाली और पारिणामिक देश एक साथ इकट्ठा हुए।*

**जयशंकर ने पाक और चीन को दी नसीहत**

उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर कहा कि मैं आपको सुझाव देना चाहूंगा कि पाकिस्तान के साथ संबंध वास्तव में एक अपवाद है। मुझे लगता है कि हमें यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि हमारे सभी पड़ोसी हर दिन हमारे साथ सभी मुद्दों पर सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से चाहेंगे कि चीन के साथ हमारे संबंध आज की तुलना में बेहतर हों, लेकिन अगर पिछले तीन सालों में हालात और कठिन हो गए हैं तो यह हमारे कारण नहीं है। इसलिए कि उन्होंने सीमा पर समझौतों का पालन नहीं करने का चुनाव किया है, लेकिन फिर भी कूटनीति यह है कि आपके पड़ोसी भले ही चुनौतीपूर्ण हों, लेकिन आप कभी हार नहीं मानते।

**निखिल गुप्ता पर लगे आरोप**

उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत से खालिस्तान अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की असफल कथित साजिश की जांच में सहायता करने को कहा है। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने निखिल गुप्ता नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ अभियोग दायर किया है। इसमें भारत सरकार के एक कर्मचारी पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादी को मारने के लिए पेड किलर को नियुक्त करने के आरोप लगाया गया है। जवाब में विदेश मंत्रालय ने अपने सरकारी अधिकारी के कथित साजिश से जुड़े होने पर चिंता व्यक्त की।

इटली की पीएम ने मुसलमानों को लेकर फिर दिया विवादित बयान

## यूरोप में इस्लाम की कोई जगह नहीं: पीएम मेलोनी

एजेंसी ▶▶ रोम

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी एक बार फिर से इस्लाम विरोधी बयान को लेकर चर्चा में आ गई हैं। प्रधानमंत्री मेलोनी ने इस्लामिक संस्कृति का मजाक उड़ाते हुए कहा है कि यूरोप में इस्लाम के लिए कोई जगह नहीं है। इटली पीएम ने कहा कि मेरा मानना है कि इस्लामी संस्कृति और हमारी सभ्यता के मूल्यों और अधिकारों के बीच सामंजस्य नहीं है।



ये दोनों परस्पर विरोधी हैं। इटली में इस्लामी सांस्कृतिक केंद्रों को सऊदी अरब द्वारा वित्त पोषित किया जाता है, जहां शरिया लागू है। यूरोप में हमारी सभ्यता के मूल्यों से बहुत दूर इस्लामीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इटली पीएम की ये टिप्पणी रोम में उनकी धुर दक्षिणपंथी पार्टी- ब्रदर्स ऑफ इटली- द्वारा आयोजित एक राजनीतिक उत्सव की मेजबानी के बाद आई हैं, जिसमें ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भाग लिया था।

**अवैध प्रवासन यूरोप के लिए बड़ा खतरा: पीएम सुनक**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सप्ताहांत पर इटली के दौरे पर हैं। सुनक ने कहा कि अवैध प्रवासन से यूरोप के प्रभावित होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों को अपडेट करने का सही समय है। सुनक ने कहा कि दुश्मन यूरोपीय समाज को अस्थिर करने की कोशिश कर सकते हैं। वे जानबूझकर लोगों को तटों पर लाकर आव्रजन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर इस समस्या से नहीं निपटते हैं तो उनकी संख्या बढ़ती ही जाएगी।



## लीबिया में जहाज डूबने से 61 प्रवासियों की हुई मौत

**लीबिया।** लीबिया में भयानक हादसा हो गया है। जहाज डूबने से 61 प्रवासियों की मौत हो गई है। इसमें कई बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। आईओएम ने जिंदा बचे लोगों के हवाले से बताया कि जहाज पर कुल 86 लोग सवार थे। जहाज लीबिया के ज्वारा शहर से रवाना हुई थी।



## फिनलैंड की नाटो सदस्यता को लेकर भड़के राष्ट्रपति पुतिन

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस साल की शुरुआत में नाटो में आधिकारिक रूप से शामिल होने वाले पड़ोसी देश फिनलैंड को चेतावनी दी है। पुतिन ने कहा अब समस्याएं होंगी। अब मॉस्को इसके जवाब में उत्तर-पश्चिम रूस में एक नया सैन्य जिला बनाएगा। फिनलैंड, जो रूस के साथ 1,340 किमी की सीमा साझा करता है, इस साल अप्रैल में मॉस्को के यूक्रेन हमले के बीच नाटो में शामिल हो गया। इसे पुतिन को बड़ा झटका माना गया है।






एसएएमएआर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफल ट्रायल

## सेना के बढ़ते कदम: भारतीय सीमा पर अब घुसपैठ की हिमाकत नहीं करेगा दुश्मन!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने एसएएमएआर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। देश के इन-हाउस डिजाइन और डेवलपमेंट प्रयासों की दिशा में यह बड़ी सफलता है।

आईएफ से इसे अपने पुराने रूसी मूल के हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों का इस्तेमाल करते हुए विकसीत किया गया है। आईएएफ अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने अपने इन-हाउस डिजाइन और डेवलप्ड एसएएमएआर




एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफल फायरिंग ट्रायल किया। वायु सेना स्टेशन सूर्यलंका में हाल ही में आयोजित अभ्यास अस्त्रशक्ति-2023 के दौरान यह कामयाबी मिली। वायु रक्षा प्रणाली एसएएमएआर को भारतीय वायुसेना के मेंटेनेंस कमांड के तहत एक यूनिट की ओर से डेवलप किया गया है।

**सतह से हवा में मार**

इस मिसाइल सिस्टम को पहली बार एक्सरसाइज में शामिल किया गया, जिसका मकसद सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणालियों का टेस्ट करना और उनके ऑपरेशनल फील्ड ट्रायल को अंजाम देना रहा। अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल सिस्टम ने विभिन्न युद्ध परिदृश्यों में फायरिंग ट्रायल टारगेट को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। यह सिस्टम 2 से 2.5 मैक की गति वाली मिसाइलों के हवाई खतरों का सामना कर सकता है।

क्या आप भी है सही आई ड्रॉप की तलाश में...?

समस्याएं
- Eye Strain
- Eye Dryness
- Eye Tiredness
- Eye Freshness
- Eye Cleanliness




रोजमर्रा की भागदौड़ में न जाने हमारी आंखों में कितना कचरा पड़ जाता है। जो लोग कंप्यूटर स्क्रीन पर 8 घंटे काम करते हैं, ज्यादा टीवी देखते हैं या पूरा दिन मोबाइल पर बिज़ी रहते हैं, उनकी आंखों में नमी कम हो जाती है। इतना ही नहीं बढ़ता प्रदूषण, आंखों में जलन होना, खुजली, आंखों का थकना और आंखों पर जोर पड़ना आम बात हो गई है।

आंखों के लिए हम तरह-तरह के देसी-अंग्रेजी उपाय भी आजमाते हैं। लेकिन आयुर्वेद में उपलब्ध औषधियों के इस्तेमाल से हम बिना किसी साईड-इफेक्ट के अपनी आंखों को इन परेशानियों से बचा सकते हैं।

इसलिए दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. आपके लिए लेकर आये हैं आयुर्वेदिक 'आई मंत्रा' आई ड्रॉप्स। जो बना है गुलाब, दारुहल्दी, शहद, आंवला, तुलसी और पुदीना जैसी 12 आयुर्वेदिक औषधियों से। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका कोई साईड इफेक्ट भी नहीं है।

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops




दिशानिर्देश: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

24x7 HELPLINE : 8196822222 • Available at all leading medical stores.

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109